yashbharat.co.in
हर वक्त की ताजा खबरों के लिए विजिट करें

# यश भारत

नये जमाने के साथ..

● वर्ष- 17 अंक 197 ● कटनी ● शनिवार, 19 अगस्त, 2023 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● श्रावण शुक्ल पक्ष 3 ● विक्रम संवत् 2080 शके 1935

"अगर आप जिंदगी में कुछ हासिल करना, चाहते हो तो मेहनत से दोस्ती कर लो !"



रोहित -द्रविड़ के बारे में... पेज 7

## आज का मौसम

आज सुबह का तापमान 22.9डिग्री

दोपहर 12 बजे तक 27 डिग्री

भारी बारिश के आसार

## » न्यूज गैलरी



### पहलवान अंतिम पंघाल ने रचा इतिहास

**नई दिल्ली ● ईएमएस**
yashbharat.co.in

अंतिम पंघाल ने शु वार को इतिहास रच दिया। अंतिम अंडर 20 वर्ल्ड रेसलिंग चैंपियनशिप में लगातार दो बार गोल्ड मेडल जीतने वाली भारत की पहली महिला पहलवान बन गई हैं। उन्होंने भोपाल में 53 किग्रा वर्ग में गोल्ड मेडल जीता। अंतिम ने यू ेन की मारिया येफ्रेमोवा को 4-0 से हराया। पिछले साल वो जूनियर विश्व चैंपियनशिप में स्वर्ण जीतने वाली पहली भारतीय महिला पहलवान बनी थीं। अंतिम अब सीनियर स्तर पर भी खेलती हैं।

### मप में मुख्यमंत्री मेधावी विद्यार्थी योजना में संशोधन

**भोपाल ● यशभारत**
yashbharat.co.in

बीपीएल कार्डधारी , अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति वर्ग के विद्यार्थी जिनके पिता/पालक की आय 8 लाख तक हो, उनको मुख्यमंत्री मेधावी विद्यार्थी योजना का लाभ मिल सकेगा। राज्य शासन द्वारा इस संबंध में शु वार देर शाम संशोधन आदेश जारी किया गया है।आदेशानुसार ऐसे विद्यार्थी जिनके पिता पालक की आय 8, लाख रुपये से कम हों वे योजना के लिए पात्र होंगे, परंतु ऐसे विद्यार्थी जिनके पिता /पालक की वार्षिक आय 8 लाख तक है तथा वह बीपीएल कार्डधारी, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति वर्ग के विद्यार्थी है तथा कंडिका मांक 3.1,3.2,3.3,3.4 एवं 3.5 में उल्लेखित शर्तों के कारण योजना में सम्मिलित नहीं हो पा रहे हों, उनको विशेष प्रकरण मानते हुए इनके संबंध में विभागीय समन्वय में सक्षम अधिकारी के अनुमोदन प्राप्त कर उन्हें योजना में सम्मलित कर सकेंगे। ऐसे विद्यार्थियों को जिन्हें योजना में एक बार लाभ प्राप्त हो जाने के बाद यथा निर्दिष्ट शर्तों के अधीन आय की सीमा 8, लाख रुपये से अधिक होने पर भी पाठ्य म के पूर्ण होने तक योजना के लाभ की पात्रता होगी यह संशोधन शैक्षणिक सत्र 2023-24 से लागू होगी।

### अमेठी से चुनाव लड़ेंगे राहुल गांधी

**लखनऊ ● एजेंसी**
yashbharat.co.in

उत्तर प्रदेश कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने दावा किया कि राहुल गांधी अमेठी से चुनाव लड़ेंगे और जीतेंगे भी। इसके साथ ही उन्होंने प्रियंका गांधी से वाराणसी से चुनाव लड़ने की गुजारिश की है। राय ने आगे कहा कि स्मृति ईरानी ने वादा किया था कि कमल का बटन दबाइए 13 रुपए किलो चीनी मिलेगी, क्या वो दिलवा पाईं? राहुल गांधी 2004 से लगातार तीन बार अमेठी से सांसद रह चुके हैं। लेकिन, 2019 में उन्हें केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने 55 हजार से ज्यादा वोटों से हरा दिया। माना जाता है कि राहुल को पहले से ही इस हार की आशंका थी, इसलिए उन्होंने केरल की वायनाड सीट से भी नामांकन दाखिल किया था। वहां से राहुल बड़े मतों से जीतकर लोकसभा पहुंचे थे।

### 10 में से 9 स्टूडेंट ने स्कूल छोड़ा, तो टीचर ने कर ली आत्महत्या

**पुणे ● एजेंसी**
yashbharat.co.in

पुणे में एक सिंगल टीचर प्राइमरी स्कूल के अध्यापक ने इसलिए सुसाइड कर लिया कि उसके स्कूल के महज 10 छात्रों में 9 ने किसी और स्कूल में एडमिशन ले लिया था. उनके स्कूल में महज एक स्टूडेंट बचा था. इस कारण से वह काफी परेशान हो गए थे. 3 अगस्त को 46 साल के अरविंद देवकर ने दो कक्षाओं में से एक में कथित तौर पर जहरीली जड़ी-बूटी खाकर आत्महत्या करने की कोशिश की. पांच दिन बाद उनकी मौत एक अस्पताल में हो गई. पुलिस ने कहा कि व्हाट्सएप पर एक रिश्तेदार को भेजे गए सुसाइड नोट से पता चलता है कि वह अपने 9 छात्रों को नहीं रोक पाने से परेशान था, जो 2 किमी. दूर दूसरे स्कूल में चले गए थे।

## 7 शिशुओं की हत्या में नर्स दोषी, भारतीय डॉक्टर के कारण पकड़ी गई

# किसी बच्चे के पेट में हवा भरी तो किसी को दिया इंसुलिन

**लंदन ● एजेंसी**
yashbharat.co.in

ब्रिटेन में एक अस्पताल की नर्स को शुक्रवार को सात शिशुओं की हत्या करने और छह अन्य शिशुओं की हत्या की कोशिश करने का दोषी पाया गया। लूसी लेटबी (33) पर आरोप है कि वर्ष 2015 से 2016 के बीच उत्तर पश्चिम इंग्लैंड में 'काउंटेस ऑफ चेस्टर' अस्पताल में काम करने के दौरान उसने सात शिशुओं (पांच बालक और दो बालिका) की हत्या कर दी थी, जबकि छह अन्य शिशुओं की हत्या करने की कोशिश की। उसपर आरोप है कि उसने रक्त प्रवाह में हवा पहुंचाने, 'नैसोगैस्ट्रिक ट्यूब' के माध्यम से उनके पेटों में हवा और दूध पहुंचाने समेत विभिन्न तरीकों से इन नवजात शिशुओं को जान-बूझकर नुकसान पहुंचाया।उस पर यह भी आरोप है कि उसने शिराओं के माध्यम से दिये जाने वाले पोषण में इंसुलिन मिलाया जिसने शिशुओं के शरीर में जहर का काम किया तथा सांस वाली नलियों में छेड़छाड़ की। हालांकि, नर्स ने सभी आरोपों से इनकार किया है। भारतीय मूल का एक बाल चिकित्सक उन लोगों में शामिल है जिनकी मदद से ब्रिटिश अदालत ने शुक्रवार को नर्स को शिशुओं की हत्या का दोषी ठहराया। चेस्टर के 'काउंटेस ऑफ चेस्टर' अस्पताल के चिकित्सक रवि जयराम ने कहा कि इस पूर्व नर्स के बारे में यदि उनकी चिंताओं पर ध्यान दिया गया होता और पुलिस को खबर दी गयी होती तो कुछ शिशुओं की जान बचायी जा सकती थी।




**तीन शिशुओं की मौत के बाद हुआ था शक**

मैनचेस्टर उन अदालत में जूरी ने नर्स लूसी लेटबी (33) को शु वार को सात नवजात शिशुओं की हत्या करने और छह अन्य शिशुओं की हत्या की कोशिश करने का दोषी पाया। उसे सोमवार को इसी अदालत में सजा सुनायी जाएगी। जयराम ने फैसले के बाद 'आईटीवी न्यूज' से कहा, 'मैं वाकई मानता हूं कि चार या पांच बच्चे, जो आज स्कूल जा रहे होते, (इस दुनिया में) नहीं हैं।' उन्होंने कहा कि जून, 2015 में तीन शिशुओं की मौत के बाद पहली बार चिकित्सक चिंता प्रकट करने लगे तथा जब और बच्चों की मौत हो गयी तब उनके जैसे कुछ वरिष्ठ चिकित्सकों ने लेटबी के बारे में अपनी चिंता व्यक्त करने के लिए अस्पताल के वरिष्ठ कार्यकारियों के साथ कई बैठकें की।

### 13 शिशुओं पर किया हमला

आखिरकार, अप्रैल, 2017 में राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवा न्यास (नेशनल हेल्थ सर्विस ट्रस्ट) ने चिकित्सकों को एक पुलिस अधिकारी से मिलने की अनुमति दे दी।



### कल भोपाल से गरीब कल्याण महाभियान का शुभारंभ करेंगे अमित शाह

भोपाल यशभारत। विधानसभा चुनाव को देखते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के मध्य प्रदेश में लगातार दौरे चल रहे हैं। प्रधानमंत्री हाल ही में सागर आए थे और संत रविदास लोक के लिए भूमि पूजन करके गए हैं। रविवार (20 अगस्त) को केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह भोपाल आ रहे हैं। वे यहां से गरीब कल्याण महाभियान का शुभारंभ करेंगे। कार्यक्रम अंतरराष्ट्रीय कुशाभाऊ ठाकरे सभागृह में आयोजित किया जाएगा, जिसमें मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा सहित अन्य भाजपा नेता शामिल होंगे।महा अभियान के शुभारंभ के बाद अमित शाह ग्वालियर रवाना हो जाएंगे। वहां वे अटल बिहारी वाजपेयी सभागृह में भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक में शामिल होंगे।



**सधे कदमों से चांद की राह पर**

# अब महज 113 किमी दूर सफल रही पहली डीबूस्टिंग

**बेंगलूर ● एजेंसी**
yashbharat.co.in

चंद्रयान-3 के लैंडर मॉड्यूल की गति धीमी (डीबूस्टिंग) करने की पहली प्रक्रिया सफल रही और अब वह चांद से महज 113 किमी की दूरी पर पहुंच गया है। इसरो ने शुक्रवार को बताया कि लैंडर मॉड्यूल पूरी तरह सामान्य तरीके से काम कर रहा है। उस पर लगे कैमरे ने चांद के करीब से खींचे गए कई मनोरम चित्र भी भेजे हैं। पहली सफल डीबूस्टिंग के बाद लैंडर विक्रम और रोवर प्रज्ञान वाला पूरा मॉड्यूल अब चांद से अधिकतम 157 किमी की दूरी वाली कक्षा पर है। दूसरी डीबूस्टिंग 19-20 अगस्त की दरम्यानी रात दो बजे होगी। 23 अगस्त को चांद के दक्षिणी ध्रुव पर सॉफ्ट लैंडिंग होगी। लैंडर 35 दिन की अंतरिक्ष यात्रा के बाद बृहस्पतिवार को प्रोपल्शन मॉड्यूल से अलग हुआ था। सॉफ्ट लैंडिंग के बाद छह पहियों वाला रोवर प्रज्ञान विक्रम से बाहर निकलेगा और एक चंद्र दिवस (धरती के 14 दिन) की अवधि तक सतह पर प्रयोग करेगा।इसरो के मुताबिक, लगभग 30 किमी की ऊंचाई पर, लैंडर पावर्ड ब्रेकिंग चरण में प्रवेश करता है।

# कारगिल: द्रास में कबाड़ी की दुकान में धमाका, 3 लोगों की मौत...9 घायल

**कारगिल ● एजेंसी**
yashbharat.co.in

लद्दाख के कारगिल जिले में शुक्रवार को एक दुकान के अंदर एक संदिग्ध सामान में धमाका होने से कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई और नौ अन्य घायल हो गए. कारगिल के डिप्टी कमिश्नर श्रीकांत सुसे ने मीडिया को बताया कि नौ घायलों में से दो लोगों की हालत गंभीर बनी हुई है. अधिकारियों के मुताबिक यह विस्फोट द्रास के कबाड़ी नाला इलाके में एक स्क्रैप डीलर की दुकान के अंदर हुआ. मरने वालों में एक बहरी शख्स भी शामिल है.डिप्टी कमिश्नर सुसे ने कहा कि घायलों को अस्पताल ले जाया गया है और उन्हें जरूरत के मुताबिक बेहतरीन इलाज दिया जा रहा है. डीसी कारगिल और एसएसपी कारगिल ने घायलों की हालत के बारे में जानकारी लेने के लिए जिला अस्पताल कारगिल कुर्बाथांग का दौरा किया. इसके अलावा मृतकों के परिवारों को रेड क्रॉस फंड के तहत कुछ अंतरिम राहत भी दी जा रही है. इस बीच जिला प्रशासन और कारगिल पुलिस ने मृतकों के परिवारों के प्रति अपनी संवेदना जताई है. द्रास पुलिस स्टेशन में कानून की संबंधित धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज की गई है और आगे की जांच चल रही है। स्थानीय मीडिया की खबरों के मुताबिक द्रास इलाके में कबाड़ी नाला में स्क्रैप डीलर की दुकान में हुए विस्फोट में जम्मू के 2 मजदूरों सहित 3 मजदूरों की मौत हो गई. कबाड़ी की दुकान में हुआ यह विस्फोट शक्तिशाली था. बताया जाता है कि यह विस्फोट मजदूरों के स्क्रैप के रूप में लिए गए एक उपकरण के साथ छेड़छाड़ के दौरान हुआ. मृतकों की पहचान खयादल द्रास के शब्बीर अहमद, विनोद कुमार और संगीत कुमार के रूप की गई है. विनोद कुमार और संगीत कुमार जम्मू के नरवाल के रहने वाले हैं. दो मजदूरों की मौके पर ही मौत हो गई।



**छोटे कद के बड़े हौसले**

### भोपाल के राहुल ने केबीसी में जीते 50 लाख

**भोपाल ● यशभारत**
yashbharat.co.in



लोकप्रिय गेम शो 'कौन बनेगा करोड़पतिज (केबीसी) का नया सीजन टेलीविजन पर धूम मचा रहा है। सोनी टीवी पर केबीसी के गुरुवार व शुक्रवार को प्रसारित किए गए एपिसोड्स में भोपाल के राहुल नेमा बिग बी के सामने हाट सीट पर नजर आए। राहुल ने इस शो में 14 प्रश्नों का सही जवाब देकर 50 लाख रुपए जीतने में सफलता प्राप्त की। एक करोड़ रुपये के 15वें सवाल पर वह अटक गए और उन्होंने क्विट कर दिया। 31 वर्षीय राहुल भोपाल में रायसेन रोड स्थित एक कालोनी में रहते हैं और मध्य प्रदेश ग्रामीण बैंक की शाहपुरा ब्रांच में सहायक प्रबंधक के पद पर कार्यरत हैं।राहुल नेमा एक गंभीर व्याधि से ग्रस्त हैं, जिसकी वजह से उनकी हड्डियां बहुत नाजुक हैं और मामूली झटका लगने पर भी टूट जाती हैं।

**अमेरिकी खुफिया एजेंसियों की चेतावनी**

# चीन और रूस की ओर से हो सकता है बड़ा जासूसी, सैटेलाइट हमला

**वाशिंगटन ● एजेंसी**
yashbharat.co.in

अमेरिकी खुफिया एजेंसियों ने अपने डोमेस्टिक स्पेस इंडस्ट्री को चीन, रूस और अन्य विरोधियों से जासूसी और सैटेलाइट अटैक के खतरे को लेकर चेतावनी जारी की है. एक रिपोर्ट में कहा गया है कि अमेरिका की स्पेस एक्सप्लोरेशन से जुड़ी कंपनियों को विरोधियों से खतरा है. वे 'रणनीतिक निवेश (संयुक्त उद्यम और अधिग्रहण सहित), अंतरिक्ष उद्योग तक पहुंच' प्राप्त करने के लिए सप्लाई नोड्स और अन्य दूसरी टेक्नोलॉजी को सैटेलाइट अटैक के जरिए टारगेट बना सकते हैं। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के अनुसार नेशनल काउंटर इंटेलिजेंस एंड सिक्योरिटी सेंटर, फेडरल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन और यूएस एयर फोर्स द्वारा शुक्रवार को संयुक्त रूप से जारी एक बुलेटिन में इसकी चेतावनी दी गई है. बुलेटिन में कहा गया है कि 'इस तरह के विदेशी खुफिया अभियान कंपनी के रहस्यों के साथ-साथ अमेरिकी उपग्रह संचार, रिमोट सेंसिंग और इमेजिंग क्षमताओं को बाधित और खराब करने के लिए खतरा पैदा करते हैं.' रिपोर्ट की मानें तो उपग्रहों पर हाल के कई हमलों और बढ़ती मान्यता के बाद यह बात सामने आई है कि अमेरिकी अर्थव्यवस्था और राष्ट्रीय सुरक्षा दोनों तेजी से अंतरिक्ष पर निर्भर हैं।



### भाई को था महंगा आईफोन खरीदने का शौक अपनी ही नाबालिग बहन का किया अपहरण

**नई दिल्ली ● एजेंसी**
yashbharat.co.in

राजधानी दिल्ली के भलस्वा डेरी में एक नाबालिग ने आईफोन खरीदने के लिए अपनी तीन वर्षीय चचेरी बहन का ही अपहरण कर लिया और दो लाख रुपये की फिरौती मांगी। पुलिस ने सर्विलांस के आधार पर तीन घंटे के भीतर ही नाबालिग सहित दो आरोपियों को दबोच लिया। पूछताछ में मालूम हुआ कि नाबालिग ने ही आरोपी अमित के साथ मिलकर साजिश रची थी। जानकारी के अनुसार, बच्ची परिवार सहित भलस्वा डेरी के बसंत दादा पाटिल नगर में रहती है। पिता अजेश कुमार की जूस की दुकान है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि अजेश की बेटी नजदीकी आंगनबाड़ी केंद्र में सुबह 10 से 12 बजे तक जाती थी। वह बुधवार को भी आंगनबाड़ी गई, लेकिन वापस नहीं लौटी। परिजनों को कुछ ही देर बाद आरोपियों ने फोन पर बेटी के अपहरण की बात कही और दो लाख रुपये नहीं देने पर जान से मारने की धमकी दी।इसके बाद पीड़ित पिता ने भलस्वा डेरी थाने में फिरौती के लिए अपहरण की धारा में केस दर्ज कराया। इसके बाद पुलिस ने करीब तीन घंटे के भीतर सर्विलांस के आधार पर भलस्वा झील के जंगल से बच्ची को सकुशल बरामद कर अमित को गिरफ्तार कर लिया। अमित ने बताया कि बच्ची के नाबालिग चचेरे भाई ने साजिश रची थी। पुलिस अधिकारी ने बताया कि नाबालिग भी बच्ची के घर के बगल में रहता है। अमित भी दूर का रिश्तेदार है। दरअसल, दोनों आईफोन खरीदना चाहते थे।

**चीनी नागरिक की करतूत: गुजरात के 1200 लोगों को लगाया चूना**

# फुटबॉल सट्टेबाजी ऐप से 9 दिनों में उड़ाए 1400 करोड़

**अहमदाबाद ● एजेंसी**
yashbharat.co.in

एक चीनी नागरिक ने स्थानीय साझेदारों के साथ मिलकर एक फुटबॉल सट्टेबाजी ऐप तैयार किया, जिसने उत्तरी गुजरात के लगभग 1200 लोगों को फंसाया। इससे पीड़ितों को नौ दिनों के भीतर 1400 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। पुलिस ने यह जानकारी दी। मामले की गंभीरता को देख गुजरात पुलिस ने धोखाधड़ी के पीछे के मास्टरमाइंड का खुलासा करने के लिए एक विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया। इस खोज ने अंततः चीन के शेनझेन क्षेत्र के निवासी वू उयानबे को मास्?टर माइंड के रूप में चिन्हित किया। उयनबे ने गुजरात के पाटन और बनासकांठा क्षेत्रों में घोटाले को अंजाम दिया। आपराधिक जांच विभाग (सीआईडी) को पहली बार जून 2022 में इस धोखाधड़ी का पता चला।यह खोज 'दानी डेटा' नाम के ऐप के तहत काम करने वालों के एक समूह द्वारा शुरू किया गया था, जो गुजरात और उत्तर प्रदेश में व्यक्तियों को लक्षित कर रहे थे। जवाब में, उत्तर प्रदेश पुलिस ने एक जांच शुरू की, इससे उत्तरी गुजरात के व्यक्तियों के साथ संबंध का पता चला। बाद की जांच से पता चला कि चीनी नागरिक 2020 और 2022 के बीच भारत में मौजूद था और पाटन और बनासकांठा में स्थानीय लोगों के साथ बातचीत कर रहा था। वित्तीय लाभ के वादे से आकर्षित होकर, उयानबे और उनके गुजरात स्थित सहयोगियों ने मई 2022 में भ्रामक ऐप लॉन्च किया। एप्लिकेशन ने उपयोगकर्ताओं को ऐप के भीतर लगाए गए दांव पर पर्याप्त रिटर्न का लालच दिया। उयानबे ने प्रतिदिन औसतन 200 करोड़ रुपये जमा करने में कामयाबी हासिल की। दांव लगाने वालों में 15 से 75 वर्ष की आयु के व्यक्ति शामिल थे।फुटबॉल मैचों के उत्साह का लाभ उठाते हुए, धोखाधड़ी वाले ऐप ने मुख्य रूप से शोषण के लिए इस खेल पर ध्यान केंद्रित किया। लेकिन केवल नौ दिनों के संचालन के बाद, ऐप ने काम करना बंद कर दिया, इससे पीड़ितों को एहसास हुआ कि उनका निवेशित धन गायब हो गया है। जांच के बाद, सीआईडी की साइबर सेल ने नौ लोगों को पकड़ा।




**बरेली में फिर बवाल**

### शीशगढ़ में धार्मिक टिप्पणी से आक्रोशित भीड़ ने आरोपी का घर घेरा पथराव; सीओ से धक्कामुक्की

**बरेली ● एजेंसी**
yashbharat.co.in

बरेली के शीशगढ़ में इंस्टाग्राम पर किशोर की ओर से की गई धार्मिक टिप्पणी से कस्बे में तनाव फैल गया गया। दूसरे समुदाय की भीड़ ने पहले थाना घेरा, फिर आरोपी के घर पहुंच गई। भीड़ ने बाहर से घर बंद कर पथराव किया। समझाने पहुंचे सीओ से भी धक्कामुक्की कर दी। देर रात हजारों लोगों की भीड़ घर के सामने मैदान में बैठ गई। रात करीब दो बजे पुलिस ने दोनों किशोरों को पकड़ लिया, तब जाकर भीड़ शांत हुई। शीशगढ़ कस्बे में रामलीला ग्राउंड के सामने रहने वाला शख्स मोबाइल कंपनी का स्थानीय डीलर है। उनका 14 साल का बेटा कक्षा नौ में पढ़ता है। बताते हैं कि बृहस्पतिवार को इंस्टाग्राम पर बहस के दौरान उसके बेटे ने दूसरे समुदाय को लेकर आपत्तिजनक धार्मिक टिप्पणी कर दी। दूसरे समुदाय के लोगों ने इसका स्क्रीनशॉट ले लिया। फिर उस पर तीखे कमेंट लिखकर वायरल किया गया।

**सम्मेलन** — मुख्यमंत्री ने पन्ना के गुनोर से किया चुनावी शंखनाद, रोड शो में उमड़ा जनसैलाब

# अपनी बहनों की आंखों में नहीं आने दूंगा आंसू : शिवराज सिंह

**भोपाल, पन्ना ● यशभारत**
yashbharat.co.in

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने पन्ना जिले के गुनोर में लाड़ली बहना सम्मेलन में लाडली बहना से सीधे संवाद किया। सीएम शिवराज ने कहा कि मैं अपनी बहनों की आंखों में आंसू नहीं आने दूंगा. राखी के धागे की कसम खाता हूं किसी भी बहन को कष्ट नहीं होने दूंगा. मैं आपका सगा भाई हूं. आपके हर सुख-दुख में साथ हूं. अभी 1000 दे रहा हूं आगे 3000 प्रतिमाह दूंगा बहनों के पैसे से उनका घर चलेगा. मैं और मोदी जी आपके साथ हैं। डबल इंजन की सरकार हर सुख-दुख में आपके साथ खड़ी है. राखी के संबंध को निभाना, आप लोग एक बार भारतीय जनता पार्टी का फिर साथ देना और मेरे गुनौर प्रत्याशी राजेश वर्मा को जिताना। भारी जन समुदाय के बीच मुख्यमंत्री ने चुनावी शंखनाद भी कर दिया. उन्होंने कहा कि पन्ना जिले में नर्मदा का पानी आएगा. इसका हम लोग परीक्षण कर रहे हैं. और जो आप चाहते हो सब मेरी सरकार करेगी। दूसरी ओर, मंच से भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा ने सरकार की तारीफ की. उन्होंने जनता से भारतीय जनता पार्टी का साथ देने की अपील की. दोनों नेताओं ने कांग्रेस को आड़े हाथों लिया। गौरतलब है कि कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान भोपाल के स्टेट हेंगर से शुक्रवार को खजुराहो एयरपोर्ट पहुंचे. उसके बाद हेलीकॉप्टर से गुनोर विधानसभा पहुंचे. इसके बाद यहां उनका रोड शो हुआ. रोड शो में जनसैलाब उमड़ पड़ा. इस रोड शो के साथ लाडली बहना की टोली भी साथ चल रही थी. मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि, मुनेर वासियों आपके स्नेह और आत्मीयता ने मुझे ऋणी बना दिया. गुनोर में विकास की गंगा बहे, जनता का जीवन खुशहाल हो, यही मेरा संकल्प है.



### 677 करोड़ के विकास कार्यों का भूमिपूजन

मेरी बहनों ने जो विश्वास मुझपर जताया है, उसे कभी टूटने नहीं दूंगा क्योंकि बहनों की खुशी से बढ़कर मेरे लिए कुछ नहीं है. गौरतलब है कि सीएम शिवराज सिंह चौहान ने पन्ना जिले के गुनोर 677 करोड़ रुपये के विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन तथा लोकार्पण कर क्षेत्रवासियों को कई सौगातें दीं. उन्होंने गुनेर में आयोजित मुख्यमंत्री लाडली बहना सम्मेलन में विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण कर शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि पन्ना जिले के गुन्नौर क्षेत्र में नर्मदा जल लाने के लिए तकनीकी परीक्षण करवाया जाएगा। जिले के नागरिकों को नर्मदा मैया का पानी उपलब्ध कराया जायेगा।

# हिमाचल प्रदेश आपदा प्रभावित राज्य घोषित

**उत्तराखंड में भी पर्यटकों के लिए अलर्ट जारी**

**नई दिल्ली ● एजेंसी**
yashbharat.co.in

हिमाचल प्रदेश में भारी बारिश और भूस्खलन के बाद आपदा प्रभावित राज्य घोषित कर दिया गया है। गौरतलब है कि आधिकारिक तौर हिमाचल प्रदेश में अभी तक प्राकृतिक आपदा के कारण 330 लोगों की मौत दर्ज की गई है और 12 हजार से अधिक घर क्षतिग्रस्त हुए हैं। एक अनुमान के मुताबिक, राज्य सरकार ने 10 हजार करोड़ रुपए से अधिक के नुकसान का आकलन किया है। विशेषकर, कृषि व बागवानी को भारी नुकसान होने की आशंका जताई गई है।राज्य सरकार ने जारी की अधिसूचनाहिमाचल सरकार ने प्राकृतिक आपदा प्रभावित राज्य घोषित करने से संबंध में शुक्रवार को अधिसूचना भी जारी कर दी। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि हमने हिमाचल को प्राकृतिक आपदा प्रभावित क्षेत्र घोषित किया है। केंद्र सरकार को अब जल्द ही राज्य के लिए आर्थिक सहायता भेजना चाहिए।हिमाचल प्रदेश में तेज बारिश व भूस्खलन के कारण कई जिलों में संचार व्यवस्था पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है।



# फिर सक्रिय हुए मानसून ने किया जिले को तरबतर, गर्मी से राहत पर उमस से आफत

## अगले तीन दिन बारिश की संभावना, रूक-रूक कर गिरेगा पानी

**कटनी, यशभारत।** कटनी जिले में बीते 24 घंटे से फिर मानसून ने सक्रिय होकर पूरे जिले को पानी से तरबतर कर दिया है। बंगाल की खाड़ी में बने कम दबाव के क्षेत्र के कारण प्रदेश में शिथिल पड़ा मानसून फिर सक्रिय हो गया है। इसके चलते शुक्रवार से अलग-अलग क्षेत्रों में रुक-रुककर बारिश का सिलसिला शुरू हो गया है। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक बारिश का दौर अभी जारी रहने की संभावना है। प्रदेश में शनिवार को भी जबलपुर, शहडोल, रीवा, सागर, भोपाल, इंदौर, उज्जैन, नर्मदापुरम, ग्वालियर संभाग के जिलों में रुक-रुककर बारिश होगी। कटनी, उमरिया, शहडोल, जबलपुर, सागर, नर्मदापुरम संभाग के जिलों में कहीं-कहीं भारी बारिश भी हो सकती है।



मौसम विज्ञान केंद्र के मुताबिक वर्तमान में बंगाल की खाड़ी में बंगाल एवं उससे लगे उत्तरी ओडिशा के तट पर एक कम दबाव का क्षेत्र बना हुआ है। यह मौसम प्रणाली पश्चिम-उत्तर-पश्चिम दिशा में छत्तीसगढ़ की तरफ आगे बढ़ेगी। पूर्वी उत्तर प्रदेश पर भी हवा के ऊपरी भाग में एक चक्रवात बना हुआ है। पंजाब और उसके आसपास एक पश्चिमी विक्षोभ द्रोणिका के रूप में बना हुआ है।

### मौसम प्रणालियों के कारण मानसून फिर सक्रिय

मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार अलग-अलग स्थानों पर सक्रिय इन मौसम प्रणालियों के कारण मानसून फिर सक्रिय हो गया है। विशेषकर पूर्व मप्र में अच्छी वर्षा हो रही है। 24 अगस्त के आसपास बंगाल की खाड़ी में एक अन्य चक्रवात बनने के भी संकेत मिले हैं। इस वजह से रुक-रुककर बारशि का सिलसिला बना भी रह सकता है। मानसून के सक्रिय होने से किसानों के चेहरे खिल गए हैं।

हालांकि, मौसम विज्ञानियों का अनुमान है कि इस बार मानसून की वर्षा सामान्य से कम बनी रह सकती है।

### कटनी में यलो अलर्ट, बिजली गिरने की भी संभावना

मौसम विभाग ने कटनी में अगले 48 घंटे में तेज से भारी बारिश के लिए अलर्ट जारी किया है बारिश ही नहीं इस दौरान बिजली गिरने की संभावना भी व्यक्त की है। बीती शाम भी आसमान पर जोरदार गड़गड़ाहट ने लोगों को कंपा दिया था हालांकि कहीं से गाज गिरने जैसी कोई खबर नहीं मिली लेकिन मौसम विभाग ने खास तौर पर किसानों को सचेत रहने के लिए कहा है। डिंडौरी, जबलपुर, सिवनी, बालाघाट, पन्ना, दमोह, छतरपुर, नर्मदापुरम, बैतूल जिलों में अति भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है. दूसरी ओर, सिंगरौली, सीधी, रीवा, सतना, अनूपपुर, उमरिया, शहडोल, कटनी, नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा, मंडला, सागर, टीकमगढ़, निवाड़ी, विदिशा, रायसेन, सीहोर, भोपाल, हरदा, बुरहानपुर, खंडवा, शाजापुर, देवास, अशोकनगर,भिण्ड, दतिया जिलों में मध्यम से भारी बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है.

## » न्यूज गैलरी

### मांगों को लेकर मप्र स्थायी कर्मचारी संघ का प्रदर्शन 22 को भोपाल में

**कटनी, यशभारत।** मप्र स्थाई कर्मी कल्याण संघ व मप्र कार्यभारित कर्मचारी/श्रमिक महासंघ भोपाल द्वारा 22 अगस्त को भोपाल में अम्बेडकर पार्क मैदान में प्रदर्शन किया जायेगा। आन्दोलन की तैयारी को लेकर जिले के कर्मचारियों की 15अगस्त को आन्दोलन की तैयारी को लेकर बैठक संपन्न हुई स्थाई कर्मी कल्याण संघ जिला कटनी के जिला अध्यक्ष भागीरथ तिवारी ने कहा कि प्रदेश सरकार सबसे निचले तबके के कर्मचारियों की जायज मांगों को पूरा नहीं कर रही है।। कर्मचारियों का सातवां वेतनमान, अनुकम्पा नियुक्ति तथा 10 वर्ष की सेवा पूर्ण कर चुके दैनिक वेतन भोगी को स्थाई कर्मी किया जाए एवं अंशकालीन कर्मचारियों को पूर्ण कालिक कर्मचारी किया जाना शामिल हैं सरकार की अनदेखी को देखते हुए उक्त आन्दोलन किया जा रहा है इसमें जिले से भी अधिक से अधिक कर्मचारी भाग लेंगे बैठक में संघ के पदाधिकारी सहित बबलू चौधरी जिला उपाध्यक्ष विकास दुबे तहसील अध्यक्ष शंकर लाल पटेल, मुन्ना लाल रजक संगठन मंत्री द्वय बिहारीलाल कुशवाहा,लल्लूलाल विश्वकर्मा सचिव द्वय जगन्नाथ मिश्रा,शैलेष बर्मन सह सचिव द्वय विनोद चौधरी आदि उपस्थित रहे।

विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर कल

### सिटी स्कैन, सोनोग्राफी सहित अन्य जांचे भी होंगी निशुल्क

**कटनी,यशभारत।** समाजसेवी सुरेश सोनी द्वारा श्रीराम मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल के सहयोग से कल 20 अगस्त रविवार को विशाल निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन मुहूर्त मैरिज गार्डन आदर्श नगर में किया जा रहा जिसमें महानगरों के सुप्रसिद्ध विशेषज्ञ चितसकों सहित कटनी नगर के चिकित्सक भी अपनी सेवाएं देंगे। शिविर में चिकित्सकों द्वारा लिखे जाने पर रोगी की सभी प्रकार की जांच भी निःशुल्क की जायेगी। जिन जांचों की सुविधा शिविर में उपलब्ध कराई जाएगी उनमें सीटी स्कैन, सोनोग्राफी, एंडोस्कोपी, मशीनों से हड्डी की जांच, थाइराइड, ब्लड शुगर आदि शामिल है। हार्ट एवं अन्य सर्जरी पर 50 फीसदी छूट प्रदान की जाएगी। इक्छुक रोगी श्रीराम मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल में रजिस्ट्रेशन कर शिविर का लाभ उठा सकते हैं। शिविर सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक आयोजित होगा।

## जिला अस्पताल का ऑक्सीजन पलांट लगभग 6 माह से बंद, किसी जिम्मेदार का ध्यान नहीं

**कटनी, यशभारत।** कटनी जिला अस्पताल में भर्ती मरीजों को ऑक्सीजन की कमी से ना जूझना पड़े, इसके लिए अस्पताल परिसर में ही एक हजार एलपीएम क्षमता का ऑक्सीजन प्लांट लगाया है। प्लांट में तैयार होने वाली ऑक्सीजन अस्पताल में भर्ती सौ मरीजों तक पाइप लाइन के जरिए पहुंचती है। अच्छी सुविधा के लिए करोड़ों रुपए खर्च कर लगाया गया जिला अस्पताल का पीएसए (प्रेशर स्विंग एजाब्जशन ऑक्सीजन प्लांट) ऑक्सीजन पलांट लगभग 6 माह से बंद है। जिला अस्पताल के सीएस का दावा है कि प्रतिदिन दो घंटे पीएस प्लांट से ऑक्सीजन ली जाती है, शेष समय एलएमओ (लिक्विड मेडिकल ऑक्सीजन प्लांट) प्लांअ से ऑक्सीजन ली जा रही है, जबकि हकीकत यह है कि स्वास्थ्य विभाग यहां से बनी ऑक्सीजन लेने की बजाय लाखों रुपए की ऑक्सीजन हर माह खरीद रहा है। जिला अस्पताल प्रबंधन के अनुसार एलएमओ प्लांट से ही ऑक्सीजन की पूर्ति की जा रही है। प्रत्येक माह तीन से चार बार टैंकर में ऑक्सीजन भोपाल से कटनी जिला अस्पताल पहुंचती है। एक हजार क्यूबिक लीटर क्षमता के प्लांट में तीन से चार बार ऑक्सीजन रिफिल कराई जाती है। स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों ने बताया कि 17 रुपए प्रति क्यूबिकलीटर ऑक्सीजन का भुगतान भोपाल की कंपनी को किया जा रहा है। इसके अलावा इमरजेंसी के लिए सिलेंडरों की भी खरीदी हो रही है। जानकारी के अनुसार पीएसए ऑक्सीजन प्लांट के कंप्रेशर में कोई खराबी आ गई है, जिसके कारण वह ठीक से काम नहीं कर रहा है। छह माह से मरम्मत के लिए कंप्रेशर बाट जोह रहा है। जबकि इस प्लांट की क्षमता एक हजार लीटर प्रति मिनट ऑक्सीजन बनाने की क्षमता है, इसके बाद भी इस प्लांट से ऑक्सीजन लेने में स्वास्थ्य विभाग की कोताही समझ के परे है।

### आइसीयू के 10 बेड जोड़े गए

ऑक्सीजन प्लांट से पाइप लाइन के माध्यम से आइसीयू के 10 बेड जोड़े गए हें। है। इसके अलावा 90 सामान्य बेड भी पाइप लाइन से जुड़ी हैं। सुरक्षा को लेकर भी आवश्यक गैजेट लगाए गए हैं ताकि जरूरतमंद मरीजों को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। ऑक्सीजन प्लांट को संचालित करने के लिए 125 केवीए का ट्रांसफार्मर मप्र पूर्व क्षेत्र वितरण कंपनी की मदद से लगाया गया है। बिजली आपूर्ति प्रभावित होने पर भी प्लांट काम करना बंद न करे, इसके लिए जनरेटर की सुविधा रखी गई है।



## हरियाली क्वीन प्रतियोगिता में अंशु गुप्ता विनर

**कटनी, यशभारत।** गत 18 अगस्त को आज कसौंधन वैश्य सभा इकाई महिला मंडल द्वारा हरियाली तीज का कार्यक्रम रखा गया। कसोंधन वैश्य समाज महिला मंडल द्वारा हरियाली क्वीन अंशु गुप्ता विनर रहीं। वहीं सेकंड विनर प्रतिमा गुप्ता रहे। कई गेम भी रखे गए थे। कैटवॉक किया इंजॉय किया।इकाई महिला अध्यक्ष ज्योति गुप्ता कोषाध्यक्ष प्रतिमा गुप्ता महासचिव कंचन गुप्ता द्वारा हरियाली तीज का कार्यक्रम उत्साह से संपन्न हुआ सरिका गुप्ता, राम गुप्ता, वर्षा गुप्ता, जूही गुप्ता, रश्मि गुप्ता, कुमुद, रेनू ,छवि, वंदिता, रोशनी, पिंकी, प्रीति, शशि एवं सभी महिलाओं का आभार व्यक्त किया गया।

## सायबर क्राइम की बारीकियों से अवगत हुए छात्र




### डीपीएस स्कूल में कटनी पुलिस ने चलाया साइबर जागरूकता अभियान

**कटनी, यशभारत।** सायबर क्राइम को लेकर पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देश पर जिले की पुलिस द्वारा लगातार जन जागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी कड़ी में छात्र छात्राओं को सायबर क्राइम के प्रति महत्वपूर्ण जानकारी देने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक अभिजीत रंजन के निर्देशन में आज दिनांक 17 अगस्त को प्रभारी सायबर सेल कटनी उपनिरीक्षक उदयभान मिश्रा एवं सायबर सेल टीम के द्वारा डीपीएस स्कूल कटनी में अध्ययनरत छात्रों एवं छात्राओं को सायबर क्राइम से बचाव हेतु सायबर जागरूकता से संबंधित विषय पर सेमिनार दिया गया। इस दौरान छात्रों को बताया गया कि सायबर अपराधों से बचने का एक प्रमुख रास्ता स्वयं का जागरूक होना है। विशेष तौर पर नव युवकों किशोर उम्र में सायबर फ्राड को लेकर जागरूकता आएगी तो वह समाज मे ज्यादा प्रभावशाली होगी क्योंकि आज हर घर मे सबसे ज्यादा सोशल मीडिया तथा इंटरनेट का उपयोग नई पीढ़ी ही कर रही है। इस सेमिनार के माध्यम से न सिर्फ बच्चों को सायबर क्राइम को लेकर जानकारी दी गई, वरन फ्राड से बचने और किसी फ्राड का शिकार होने पर इस पर तत्काल क्या करना करना चाहिए इस बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। सायबर सेल प्रभारी उदयभान मिश्रा ने अपने मोबाइल पर सुरक्षा, किसी अनजान लिंक को न खोलना, फ्राड और फेक फोन कॉल पर कोई भी महत्वपूर्ण जानकारी शेयर न करना, ओटीपी, पासवर्ड आदि कभी भी किसी को न बताना छात्राओं को विशेष सतर्क रहना आदि महत्वपूर्ण जानकारी दी गई । इस अवसर पर साइबर सेल से सत्येंद्र राजपूत व स्कूल मैनेजमेंट एवं समस्त शिक्षकगण उपस्थित रहे।



## दृढोमर वैश्य समाज धर्मशाला में शान से फहाराया राष्ट्रीय ध्वज

कटनी। स्वतंत्रता दिवस पर दृढोमर वैश्य समाज धर्मशाला कटनी में राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। समाज की संरक्षिका एवं पूर्व विधायक श्रीमती सरोज बच्चन नायक द्वारा एवं स्वाजातीय बंधुओं कार्यक्रम में उपस्थित रहे। इस दौरान श्री गिरजा शंकर गुप्ता श्री देवेंद्र नायक श्री गुलाब प्रसाद गुप्ता राजेंद्र प्रसाद नायकमहेंद्र नायक संतोष नायक विजय गुप्ता गोपाल नायक अतुल गुप्ता विपिन गुप्ता राजकुमार नायक पीयूष गुप्ता सुरेंद्र नायक प्रभात नायक अनूप नायक अरुण नायक नवनीत गुप्ता उदय गुप्ता राम किशोर गुप्ता एवं महिला पदाधिकारियों मे श्रीमती अमिता गुप्ता श्रीमती पूजा नायक श्रीमती वंदना गुप्ता उपस्थित रहे द्य सभी स्वजातीय जनों ने राष्ट्गान का गायन किया उसके पश्चात राष्टीय ध्वज को सलामी दी गई और मिष्ठान्न वितरण करते हुए स्वतंत्रता दिवस की एक दूसरे को बधाई दी गई।



## छात्रों ने देशभक्ति से ओतप्रोत कविताओं की मनमोहक प्रस्तुति दी

### ओमप्रकाश सरावगी संस्कार सदन निःशुल्क विद्यालय में ध्वजारोहण

**कटनी, यशभारत।** आजादी के अमृत महोत्सव पर 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस का राष्ट्रीय पर्व ओमप्रकाश सरावगी संस्कार सदन निशुल्क विद्यालय नदी पार में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया विद्यालय के संचालक श्री शरद सरावगी द्वारा ध्वजारोहण कर राष्ट्गान का गायन कर राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी गई।। इस मौके पर विद्यालय के नन्हे मुन्ने छात्र-छात्राओं द्वारा देशभक्ति से ओतप्रोत गीत एवं कविताओ की मनमोहक प्रस्तुति दी गई। विद्यालय द्वारा प्रसाद वितरित कर छात्रों को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर ओमप्रकाश सरावगी संस्कार सदन विद्यालय के संचालक शरद सरावगी के साथ पुत्र आयुष सरावगी पुत्र वधू श्रीमति सुरभि सरावगी सहित प्राचार्य श्रीमती नीता तिवारी गायत्री वर्मा गरिमा जैन जया पटैल श्रद्धा दुबे भारती पटेल रेशमा सोनी अर्चना प्रजापति नेहा पटेल सहित अभिभावकों की उपस्थिति रही।

## सामूहिक पूजन व अर्चन रुद्राभिषेक



**कटनी, यशभारत।** पुरूषोत्तम मास के अंतिम सोमवार को देश की सुख शांति समृद्धि के लिये सबने आस्था श्रद्धा और भक्ति भाव से भगवान भोलेनाथ का पार्थिव पूजन किया ।सबका मंगल हो । सुदर्शना अध्यक्ष सुश्री मीरा भार्गव के संयोजन में सुदर्शना द्वारा आयोजित इस आध्यात्मिक धार्मिक की मुख्यातिथि डॉ श्रीमती रमन एवं कार्यक्रम की प्रभारी श्रीमती अलका सरावगी ,सुनीता चौदहा ,प्रभा बरसैन्या ,आशा कोहली ,रंजना बहरे ,दीपाली गुप्ता ,तनु गुप्ता ,पूनम गुप्ता ,किटी गुप्ता ,आकाँक्षा बरसैन्या ,विनीता गुप्ता रहीं । कार्यक्रम का शुभारंभ स्वस्ति वाचन गौर गणेश कलश पृथ्वी पूजन के साथ हुआ पंडित विकास त्रिपाठी रामकुमार तिवारी एवं अन्य आमंत्रित पंडितों द्वारा मंत्रोच्चार कर गणपति सहित सभी देवताओं का आवाहन किया सुदर्शनाओं नर शिवलिगो का निर्माण किया ।फिर विधिवत रुद्राभिषेक शिवार्चन बड़े श्रद्धा भक्ति आस्था के साथ भक्तिमय शिवमय भव्य दिव्य वातावरण में हुआ । पूजन के बाद विर्सजन एवं प्रसाद वितरण हुआ । प्रकृति के सुरम्य वातावरण में इस भव्य दिव्य आयोजन की सम्पूर्ण व्यवस्था संस्था संरक्षक बी के भार्गव जी द्वारा की गई । कार्यक्रम के दूसरे चरण में झूला उत्सव अर्थात झूला और गोपाल जी सजाओ गोपाल जी का श्रृंगार करो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें बहुत ही सुंदर झूले और गोपाल जी का श्रृंगार बड़ी मेहनत से किया गया था । प्रथम पुरस्कार श्रीमती रीना कुचिया द्वितीय पुरुस्कार श्रीमती रश्मि कनकने और तृतीत पुरुस्कार श्रीमती श्वेता भार्गव को मिला । विशिष्ट पुरुस्कार झूला झूलते सुदर्शना सखियों के सँग रास रचाते राधा कृष्ण की सुंदर जोड़ी को मिला । राधा रूप में सजी अत्यंत मोहक लग रही श्रीमती रूबी बरसैन्या और कान्हा के अद्भुत मोहक श्रृंगार में श्रीमती शोभा अग्रवाल ने सबकी खूब वाहवाही लूटी और देर तक सुंदर भजनों पर कर नृत्य आंनद रस की वर्षा की ।

## श्री झूलेलाल चालीहा पर 51 बहराणा साहब की सामूहिक पूजा



**कटनी, यशभारत।** सिंधु नौजवान मंडल द्वारा भगवान श्री झूलेलाल चालीहा महोत्सव के उपलक्ष्य में शुक्रवार चंद्र दर्शन के पावन उत्सव पर नई बस्ती झूलेलाल मंदिर में भव्य शाही 51 बहराणा साहब की सामुहिक पूजा पंडित पवन शर्मा, पंडित दिनेश शर्मा के सानिध्य में संपन्न कराई गई।श्री झूलेलाल स्वरूप बहराणा साहब व पवित्र ज्योत को ग्वारिघाट जबलपुर जाकर आरती व पल्लव के विधि विधान के साथ विसर्जित किया गया। इस मौके पर राजकुमार नानकानी, चंद्रलाल जादवानी, कन्हैयालाल सागर,पंडित दिनेश शर्मा,पवन महाराज, विजय रोहरा, ईश्वर वाधवानी, अमर पुरुस्वानी,नंदलाल बसरानी?, राजकुमार जीवनानी,खियल चावला, पार्षद ईश्वर बहरानी,श्रीचंद तनवानी(कालू),हरीश पंजवानी, सुरेश भाटिया,अशोक बजाज,विजय हिंदूजा,अशोक चेलानी,जय रामसिंघानी,अशोक प्रथ्यानी बसंत,हरीश पंजवानी,गुलाब आहूजा, अमृत पंजवानी,रवि प्रथ्यानी,सुरेश चावला,जगदीश आहूजा,मनीष जीवनानी,संजय जीवनानी,राजेश रोहरा,महेश पंजवानी,नारायणदास पेसवानी, राजकुमार गंगवानी ,सुनील प्रथ्यानी, राजकुमार पोहानी, सतराम सुंदरानी, संतोष सचदेव, मट्टू सुंदरानी, विजय हिंदुजा, विजय जीवनानी, रीतेश सागर एवं अन्य की उपस्थिति रही।

### सड़क हादसे में घायल महिला की मौत


**कटनी, यशभारत।** कुठला थाना अंतर्गत सड़क हादसे में एक महिला की मौत हो गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार रंगनाथ नगर थाना अंतर्गत बरगवां निवासी 39 वर्षीय तुलसा बाई कोल पति अशोक कोल गतदिवस कुठला थाना अंतर्गत सड़क दुर्घटना में घायल हो गई थी। उसे गंभीर हालत में जिला अस्पताल लाया गया। जहां प्रारंभिक उपचार के बाद उसे गहन उपचार के लिए जबलपुर रिफर कर दिया गया। बताया जाता है कि जबलपुर मेडिकल कॉलेज में तुलसा बाई की उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने शवपरीक्षण कराते हुए मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है।

### प्रसव के दौरान जच्चा-बच्चा की मौत

कटनी, यशभारत। जिला अस्पताल में प्रसव के दौरान एक गर्भवती महिला की मौत का मामला सामने आया है। सूचना पर पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराते हुए मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार माधवनगर थाना क्षेत्र की निवार पुलिस चौकी के अंतर्गत ग्राम जरवाही निवासी 34 वर्षीय रूबी पति घसीटा कुशवाहा को प्रसव पीड़ा उठने पर ग्राम पहाड़ी स्थित स्वास्थ्य केन्द्र लेकर गए। जहां से उसे जिला अस्पताल रिफर कर दिया गया। बताया जाता है कि जिला अस्पताल में प्रसव के दौरान जच्चा-बच्चा दोनों की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने शव का पीएम कराते हुए मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है।




सिनेवर्ल्ड सिनेमा मित्तल मॉल में
ऑल इंडिया रिलीज 18 अगस्त से रोजाना 5 शो
ओएमजी-2
09.00 AM (AUDI-2)
12.00 PM (AUDI-2)
03.45 PM (AUDI-3)
06.45 PM (AUDI-3)
09.45 PM (AUDI-2)
कलाकार- अक्षय कुमार, पंकज त्रिपाठी, यामी गौतम, पवन मल्होत्रा, अरूण गोविल आदि।
बुकिंग के लिए संपर्क करें- मो. 9993123830
Tickets Available on Book My Show



सिनेवर्ल्ड सिनेमा मित्तल मॉल में
18 अगस्त से रोजाना 10 शो
गदर-2
09.00 AM (AUDI-1)
09.15 AM (AUDI-3)
12.15 PM (AUDI-1)
12.30 PM (AUDI-3))
03.00 PM (AUDI-1)
03.30 PM (AUDI-2)
06.30 PM (AUDI-2)
07.00 PM (AUDI-1)
09.45 PM (AUDI-3)
10.15 PM (AUDI-1)
कलाकार- सनी देओल, अमीषा पटेल, उत्कर्ष शर्मा, मनीष वाधवा, सिमरत कौर आदि।
बुकिंग के लिए संपर्क करें- मो. 9993123830
Tickets Available on Book My Show

सी.आर.एम. क्लीनिक
इन्फिनिटी हार्ट इंस्टीट्यूट
जीवन को वर्षों से जोड़ना
दिनांक-20.08.2023, दिन रविवार को परामर्श उपलब्ध
समय-दोपहर 1 बजे से सायं 3 बजे तक
स्थानः रुपलाल बिहारी सोनी मार्केट, पुरानी बस्ती, आजाद चौक, सम्राट गली के सामने, कटनी (म.प्र.)
फोन-07622-2255824, 7024132323
अपॉइंटमेंट के लिए कृपया हमें कॉल करें 8826395999
उपलब्ध सेवायें- डॉ. अंकित अग्रवाल, एम.डी.डी.एम.(कॉर्डियोलॉजी), एंजियोग्राफी, एंजियोप्लास्ट, पेसमेकर, बायवास सर्जरी उपलब्ध जाँचे- ई.सी.जी., ईको, टी.एम.टी., ब्लड टेस्ट
एम.डी. (मेड)आई.एम.एस.बी.एच.यू.ए. वाराणसी डीएम कार्डियोलॉजी एसएसकेएम, आईपीजीएमई एवं आर कोलकता एडवांस कार्डिएक कैथेराइजेशन में फैलोशिप (माउंट सिनाई न्यूयॉर्क)पूर्व सलाहकार एशियन हार्ट इंस्टीट्यूट 10000 से अधिक एंजियोग्राफी, 4000 एंजियोप्लास्टी और 6000 स्थायी पेसमेकर प्रत्यारोपण का अनुभव
CGHS, CSMA, ECHS से मान्यता प्राप्त
विभिन्न लाईफ इंश्योरेंस बीमा कंपनी द्वारा मान्यता प्राप्त
राज्य शासन के कर्मचारियों के लिए मान्यता प्राप्त
प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना
डॉ. अभिषेक शर्मा
एमबीबीएस डिप. कार्ड, (पीजीडीसीसी)
डॉ. एस. के. शर्मा
एम.डी.मेडिसिन
(वरिष्ठ चिकित्सा विशेषज्ञ)

कटनी, शनिवार 19 अगस्त 2023


» न्यूज गैलरी

## किशोरी को अगवा कर सामूहिक दुष्कर्म, परिचित महिला ने भी दिया आरोपितों का साथ

भोपाल, यशभारत। तलैया थाना पुलिस ने एक किशोरी की शिकायत पर तीन युवकों के खिलाफ दुष्कर्म, पोक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज कर लिया है। एक महिला को भी सहअभियुक्त बनाया है। घटना का पता चलने पर बजरंग दल ने प्रदर्शन किया। इसके बाद पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया। इसकी भनक लगने पर आरोपित फरार हो गए। पुलिस उनकी तलाश में जुटी है।तलैया थाना पुलिस के मुताबिक इतवारा निवासी किशोरी ने शिकायत दर्ज कराई है। उसमें उसने बताया कि ऐशबाग निवासी अयान खान को वह पिछले एक साल से जानती है। वह उसकी बड़ी बहन से बात करता था। अयान ने उसे सिमरन नाम की महिला से मिलवाया था। 26 जुलाई को अयान उसे बहला-फुसलाकर ऐशबाग इलाके में एक किराए के कमरे में लेकर गया। वहां उसने अकेलेपन का फायदा उठाकर उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया। साथ ही किशोरी को धमकाया कि इसके बारे में किसी को बताया तो जान से मार देगा। इसके बाद सिमरन वहां पर दो दोस्तों को लेकर आई। उन दोनों ने भी बारी-बारी उसके साथ दुष्कर्म किया। उसके बाद अयान और उसके दोस्त डरा-धमकाकर उसके साथ ज्यादती करने लगे थे। किशोरी की शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज करने के बाद आरोपितों की तलाश शुरू कर दी है।

## गमी में गया था परिवार, चोर लाखों के स्वर्ण आभूषण चुराकर हो गए चंपत

भोपाल ईएमएस। कोहेफिजा थाना इलाके में एक व्यापारी के सूने मकान से बदमाश लाखों रुपये कीमत के सोने के आभूषण चोरी कर फरार हो गए। घटना के समय व्यापारी और उसका परिवार एक गमी में शामिल होने आगरा चले गए थे। लौटकर आने के बाद उन्हें चोरी के बारे में पता चला। इसके बाद उन्होंने पुलिस थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस इलाके में आसपास लगे सीसीटीवी से अज्ञात चोरों के बारे में सुराग जुटाने की प्रयास कर रही है। मुख्य द्वार पर ताला लटका रहा, अंदर कोहेफिजा थाना पुलिस के मुताबिक लालघाटी के पास मायाश्री परिसर में रहने वाले 40 वर्षीय ज्ञानेश गुप्ता का कोतवाली क्षेत्र में चूड़ियों का कारोबार है। ज्ञानेश ने पुलिस थाने में दर्ज कराई अपनी शिकायत में बताया कि दादा का निधन होने के कारण वह 13 अगस्त को सपरिवार आगरा चले गए थे। 17 अगस्त को जब वह वापस लौटे तो मुख्य द्वार पर ताला सही-सलामत लगा था। ताला खोलने पर देखा कि दरवाजा अंदर से बंद किया गया है।

## सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित

भोपाल(ईएमएस)। जिला दण्डाधिकारी आशीष सिंह द्वारा जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसमें नगर निगम आयुक्त फ्रैंक ए नोबल, पुलिस उपायुक्त यातायात पद्मविलोचन शुक्ल, मुख्य कार्यपालन अधिकारी स्मार्ट सिटी भोपाल गौरव बैनल, अतिरिक्त जिला दण्डाअधिकारी हरेन्द्र नारायण, पीडब्लूडी, एमपीआरडीसी, आईटीएमएस एवं अन्य विभागों के अधिकारी सम्मलित हुए ।
बैठक में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने एवं यातायात के सुचारू संचालन हेतु निम्न बिन्दुओं पर चर्चा की गईः- नगरीय क्षेत्र में चिन्हित ब्लैक स्पॉट्स परिशोधन हेतु आवश्यक उपाय जैसे रोड संकेतक, नो पार्किंग बोर्ड, रोड मार्किंग, जेब्रा क्रॉसिंग आदि के साथ ही यातायात के सुचारू संचालन हेतु अवैध एवं अस्थाई अतिक्रमण हटाने, पार्किंग स्थल चिन्हित करने, लोकपरिवहन वाहनों के लिए स्टॉप निर्धारित करने, सड़कों की मरम्मत करवाए जाने हेतु संबंधित विभागों को दिशा निर्देश दिये गये।

## योग अभ्यास मन और शरीर को स्वस्थ और लचीला बनाता है :महेश अग्रवाल

भोपाल (ईएमएस)। आदर्श योग आध्यात्मिक केंद्र कोलार रोड भोपाल के योग गुरु महेश अग्रवाल ने बताया कि स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर इंडस गार्डन कॉलोनी फेज एक बाब?िया कलां के बच्चों का योग अभ्यास के आसनों का प्रदर्शन एवं प्रतियोगिता रखी गई। जिसका नगद पुरुस्कार राशि कॉलोनी अध्यक्ष एवं पूर्व भारतीय वन सेवा अधिकारी रमन श्रीवास्तव द्वारा दी गई।

# 159 चिकित्सा विशेषज्ञों को सौंपे नियुक्ति-पत्र

## सीएम बोले– मैं राजनीति में नहीं होता तो डॉक्टर होता

**भोपाल , यशभारत। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने गुरुवार को सीएम आवास पर आयोजित समारोह में मप्र लोक सेवा आयोग से चयनित 159 चिकित्सा विशेषज्ञों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि राज्य सरकार चिकित्सकों की कमी को पूरा करने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। लोक सेवा आयोग से 888 चिकित्सकों की भर्ती प्रक्रिया चल रही है। अब तक 494 चिकित्सकों को चयन के बाद नियुक्तियां दी जा चुकी हैं।**



मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि मैं राजनीति में नहीं आता तो डॉक्टर होता। डॉक्टरों को धरती पर भगवान का दर्जा दिया जाता है। कितना भी विशाल अस्पताल भवन बना लो, उन भवनों की अगर आत्मा कोई है तो वह डॉक्टर हैं। डॉक्टर सचमुच में अस्पताल की आत्मा हैं। आप लोग सौभाग्यशाली हैं कि दूसरों की जिंदगी बचाने का कार्य कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले 11वीं पास करने के बाद पीएमटी देनी होती थी। 11वीं में मेरे विषय भी भौतिकी, रसायन और जीव विज्ञान थे, इसलिए मैं पीएमटी देकर डॉक्टर बन सकता था। लेकिन जब मैं 11वीं में था, उस समय मेरी आयु करीब 17 वर्ष थी। इसी वर्ष आंदोलन के कारण मुझे आपातकाल में जेल जाना पड़ा। जेल से बाहर आया तो विचार बदल चुके थे, इसलिए मैं पीएमटी की परीक्षा नहीं दी। अगर मैं राजनीतिक क्षेत्र में नहीं आता तो निश्चित तौर पर मैं डॉक्टर होता। आज मैं कहीं भी बच्चों से पूछता हूं तो सबसे अधिक बच्चे डॉक्टर ही बनना चाहते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में 1965 के बाद कोई मेडिकल कॉलेज नहीं खोला गया था। मैं मुख्यमंत्री बना और सागर में पहले मेडिकल कॉलेज की मंजूरी दी। प्रदेश में अब मेडिकल कॉलेजों की संख्या 24 हो गई है, लेकिन मैं यहीं नहीं रुकने वाला हूं। आने वाले दिनों में और मेडिक ल कॉलेज खोले जाएंगे।

### चिकित्सकों का कार्य कठिन,10 से पांच की नौकरी नहीं

मुख्यमंत्री ने नवनियुक्त चिकित्सकों को संबोधित करते हुए कहा कि आप लोगों की जिंदगी कठिन है। डॉक्टर की ड्यूटी सुबह दस बजे से शाम पांच बजे तक अन्य सरकारी कर्मचारी-अधिकरी की नौकरी की तरह नहीं है। आवश्यक सेवाएं भी आप लोगों को देना पड़ती हैं। आपका कार्य तभी से शुरू हो जाता है, जब मरीज आता है। यह पेशा दूसरे पद जैसा नहीं कि शाम पांच बजे फाइल बंद कर दी तो दूसरे दिन सुबह 11 बजे ही खुलेगी। चिकित्सकों को तो जब मरीज आ जाए, तभी फाइल खोलनी पड़ती है, नहीं तो दूसरे की फाइल परमानेंट बंद हो जाएगी। आप लोग सौभाग्यशाली हैं कि दूसरों की जिंदगी बचाने का कार्य आप के पास है। आप लोगों का काम केवल आजीविका नहीं लोगों की जिंदगी बचाना है। मुख्यमंत्री निवास में गुरुवार को जिन 159 चिकित्सा विशेषज्ञों को नियुक्ति-पत्र प्रदान किए गए हैं उनमें 83 शिशुरोग तथा 76 सर्जरी विशेषज्ञ शामिल हैं।

### मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान 21 अगस्त को शिक्षकों को देंगे नियुक्ति-पत्र

भोपाल ,यशभारत। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान 21 अगस्त को भोपाल में शिक्षकों को नियुक्ति पत्रों का वितरण करेंगे। इसी दिन शिवपुरी जिले के पिछोर में महिला सम्मेलन होगा। साथ ही दतिया जिले में दतिया एयरपोर्ट के विस्तार के भूमि पूजन का कार्यक्रम होगा।सेवढा में महिला सम्मेलन को संबोधित करेंगे मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान 22 अगस्त को दतिया जिले के सेवढा में महिला सम्मेलन को संबोधित करेंगे और शिवपुरी जिले के पोहरी में मुख्यमंत्री चरण पादुका योजना के अंतर्गत तेंदूपत्ता संग्राहकों को सामग्री का वितरण किया जाएगा। भोपाल में 22 अगस्त की शाम मुख्यमंत्री सीखो कमाओ योजना का महत्वपूर्ण कार्यक्रम होगा। कलेक्टर और वरिष्ठ अधिकारियों से चर्चा- मुख्यमंत्री चौहान ने आगामी सप्ताह भोपाल सहित प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर हो रहे लोकार्पण/ शिलान्यास कार्यक्रम, लाड़ली बहना सम्मेलन और जनदर्शन के संबंध में कलेक्टर एवं वरिष्ठ अधिकारियों से चर्चा की।मुख्यमंत्री ने गुरुवार को समत्व भवन से वीडियो कांफ्रेंसिंग द्वारा संबंधित जिलों के कलेक्टरों से इन सभी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर चर्चा कर निर्देश दिए। मुख्यमंत्री 23 अगस्त को शहडोल जिले में प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को स्कूटी वितरण के राज्य स्तरीय कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। इसी दिन दमोह में महिला सम्मेलन में भी हिस्सा लेंगे।




## भाजपा सरकार के विरुद्ध कांग्रेस ने जारी किया आरोप पत्र

**कमल नाथ ने मुख्यमंत्री शिवराज को दी ठगराज की संज्ञा**

भोपाल, ,यशभारत। शिवराज सरकार के विरुद्ध कांग्रेस ने हमले और तेज कर दिए हैं। शुक्रवार को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमल नाथ ने सरकार के विरुद्ध आरोप पत्र जारी किया। आरोपों की पहली किस्त में प्रमुख विषयों को शामिल किया गया है। जबकि, दूसरी किस्त में विभागवार आरोप पत्र जारी होगा। इन्होंने महाकाल लोक, गौमाता तक को नहीं छोड़ाराजधानी में लिंक रोड-01 पर स्थित पीसीसी कार्यालय में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में कमल नाथ ने शिवराज सरकार पर करारा हमला बोला और कहा कि आज मप्र की पहचान प्रचार, भ्रष्टाचार और अत्याचार से है। ये शिवराज नहीं ठग राज हो गए। इन्होंने सबको ठगा। युवा, बुजुर्ग, किसान, कर्मचारियों, व्यापारियों को ठगा है। इनकी नीति व नीयत ठगने वाली है। प्रदेश के बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक सब देख रहे हैं। इन्होंने तो महाकाल, गोमाता तक को नहीं छोड़ा है।शिवराज के घोटालों की लंबी सूचीइससे पहले विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष डा. गोविंद सिंह ने कहा कि 18 सालों से शिवराज ने जो घोटाले किये, काली कमाई की। प्रदेश को कर्ज में डुबो दिया। कैग की रिपोर्ट, लोकायुक्त की कार्रवाई और अन्य एजेंसी के एक्शन पर आधारित बातें इस आरोप पत्र में है। गौरतलब है कि प्रदेश कांग्रेस ने सरकार के विरुद्ध आरोप पत्र तैयार करने के लिए विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष डा.गोविंद सिंह की अध्यक्षता में समिति बनाई थी। पूर्व विधायक पारस सकलेचा के साथ मिलकर उन्हें आरोप पत्र तैयार किया है। पार्टी ने तय किया है कि पहले प्रमुख मुद्दों को जनता के सामने रखा जाएगा और फिर दूसरी किस्त में विभागवार भ्रष्टाचार, कुशासन और कुप्रबंधन के मुद्दे उठाए जाएंगे। इसके लिए संभागीय मुख्यालय और फिर संबंधित मंत्री के क्षेत्र में पत्रकारवार्ता की जाएगी।



## अग्निवीर सेना भर्ती रैली का आयोजन कल से 6 सितम्बर तक लाल परेड मैदान में

**भोपाल (ईएमएस)। 20 अगस्त से 6 सितम्बर 2023 तक लाल परेड मैदान, भोपाल में मध्यप्रदेश के 22 जिलों के पुरुष उम्मीदवारों के लिए अग्निवीर जनरल ड्यूटी, अग्निवीर तकनीकी, अग्निवीर क्लर्क, अग्निवीर स्टोर कीपर और अग्निवीर ट्रेड्समैन का आयोजन होगा।**

मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ के सभी जिलों के लिए सिपाही फार्मा और सिपाही तकनीकी नर्सिंग सहायक एवं सिपाही तकनीकी नर्सिंग सहायक पशु चिकित्सा की भी सेना भर्ती रैली का आयोजन साथ में किया जा रहा हैं।
सेना भर्ती कार्यालय, भोपाल द्वारा 20 अगस्त से 25 अगस्त तक अग्निवीर जनरल ड्यूटी, अग्निवीर तकनीकी, अग्निवीर क्लर्क, अग्निवीर स्टोर कीपर, अग्निवीर ट्रेड्समैन तथा 26 अगस्त 2023 को सिपाही फार्मा और सिपाही तकनीकी नर्सिंग सहायक और सिपाही तकनीकी नर्सिंग सहायक पशु चिकित्सा की रैली का आयोजन किया जा रहा है। सेना भर्ती कार्यालय, ग्वालियर के अंतगर्त आने वाले मध्यप्रदेश के जिलों के पुरुष उम्मीदवारों के लिए अग्निवीर जनरल ड्यूटी, अग्निवीर तकनीकी, अग्निवीर क्लर्क, अग्निवीर स्टोर कीपर और अग्निवीर ट्रेड्समैन की रैली का आयोजन सेना भर्ती कार्यालय, ग्वालियर द्वारा 28 अगस्त से 6 सितम्बर 2023 तक लाल परेड मैदान, भोपाल में किया जा रहा है। सेना द्वारा अप्रैल 2023 में ऑनलाइन सामान्य प्रवेश परीक्षा (सीईई) का आयोजन किया गया था ऑनलाइन परीक्षा में उत्तीर्ण उम्मीदवार शारीरिक दक्षता सहित और अन्य भर्ती प्रक्रियाओं में भाग ले सकेंगे। रैली में भाग लेने वाले योग्य अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र उनकी ई-मेल पर भेजा जा चुका है। रैली भर्ती में शमिल होने वाले अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र पर अंकित तिथि के 1 (एक) दिन पहले विश्राम स्थली में रात्रि 11 बजे रात को प्रवेश दिया जाएगा। इन अभ्यर्थियों की दौड़ रात्रि एक बजे प्रारंभ होगी। भर्ती मे हिस्सा लेने के लिए एडमिट कार्ड और सभी दस्तावेज रैली अधिसूचना के अनुसार और साथ में आधार कार्ड से लिंक मोइबल नम्बर भी लेकर आना अनिवार्य है।

# चुनाव से पहले गुंडों की घेराबंदी में लगी पुलिस

## अब बुलडोजर गरजेगा और रासुका भी लगेगी

भोपाल, यशभारत। विधानसभा चुनाव नजदीक हैं। इस दौरान सबसे बड़ी चुनौती पुलिस और प्रशासन के लिए होती है शांतिपूर्ण तरीके से चुनाव संपन्न करवाना। क्योंकि इस दौरान गुंडे भी सक्रिय हो जाते हैं। अवैध शराब से लेकर अवैध हथियार की तस्करी भी बढ़ती है। यही वजह है, चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न करवाने के लिए अब पुलिस गुंडों की घेराबंदी में लग गई है। अब गुंडों के मकानों पर बुलडोजर गरजेगा और इन पर नकेल कसने के लिए रासुका भी लगेगी। इसकी तैयारी पुलिस और प्रशासन ने शुरू कर दी है। ग्वालियर में बीते रोज गोला का मंदिर इलाके में रहने वाले गुंडे शिवम राजावत पर रासुका लगाकर उसे जेल भेज दिया गया। उपनगर के भी गुंडे पर इसी तरह की कार्रवाई की तैयारी है।- गुंडों पर नकेल कसने के लिए



अलग-अलग क्षेत्रों के गुंडों की सूची थानावार तैयार की गई है। थानों से सूची बनकर एसएसपी के पास पहुंचाई गई। अब इनकी निगरानी हो रही है। पुलिस इन पर निगाह रख रही है कि आखिर इनकी बैठक किन लोगों के साथ है। - अपराध करने वाले गुंडों के मकानों पर बुलडोजर चलाया जाएगा। पूर्व में अक्षया यादव हत्याकांड में शामिल आरोपित सुमित रावत के मकान पर बुलडोजर चला था। इस तरह के अपराध में जो अपराधी शामिल होंगे, उन पर इस तरह की कार्रवाई की जाएगी।- शहर के अलग-अलग इलाकों में रहने वाले ऐसे गुंडों को चिन्हित किया गया है, जो गैंग चलाते हैं और इन लोगों की वजह से आम लोग त्रस्त हैं। ऐसे गुंडों पर रासुका लगाने और इन्हें जिलाबदर करने की तैयारी है।

### बार्डर मीटिंग

जल्द ही शुरू होगी इंटरस्टेट चेकिंग- राजस्थान पुलिस के साथ ग्वालियर और चंबल अंचल के जिलों के पुलिस अधिकारियों की बार्डर मीटिंग होने जा रही है। इसमें जोन के आइजी और सभी जिलों के पुलिस अधीक्षक शामिल होंगे। यह लोग नशे की तस्करी रोकने, अवैध हथियार की खरीद-फरोख्त में शामिल अपराधियों से जुड़ा डाटा साझा करेंगे।

## नए कलेवर में आया चमध्य प्रदेश गान , सरकार की उपलब्धियां गाकर सुनाई

भोपाल यशभारत। मध्य प्रदेश गान सुख का दाता, सब का साथी अब सरकार की उपलब्धियों का बखान करते हुए नए कलेवर में आ गया है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने गुरुवार को ट्वीट कर इसका वीडियो जारी किया है। इसमें मध्य प्रदेश का प्राकृतिक दृश्य, ऐतिहासिक महत्व की चीजें, सरकार की महत्वाकांक्षी लाड़ली बहना योजना, भांजियों के लिए मामा ( शिवराज सिंह चौहान ) द्वारा किए जा रहे कार्यों को दिखाया गया है। यह गीत लगभग पांच मिनट का है। बता दें कि मध्य प्रदेश गान अधिकतर सरकारी आयोजनों में गाया जाता है। इस गाने को अलग-अलग तरह के संगीत के साथ पिरोया गया है। इसमें प्रदेश के हर हिस्से का इतिहास, संस्कृति, भाषा-बोलियों के माधुर्य का सामंजस्य है।

## योग अभ्यास मन और शरीर को स्वस्थ और लचीला बनाता है : महेश अग्रवाल

भोपाल (ईएमएस)। आदर्श योग आध्यात्मिक केंद्र कोलार रोड भोपाल के योग गुरु महेश अग्रवाल ने बताया कि स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर इंडस गार्डन कॉलोनी फेज एक बाबरिया कलां के बच्चों का योग अभ्यास के आसनों का प्रदर्शन एवं प्रतियोगिता रखी गई। जिसका नगद पुरुस्कार राशि कॉलोनी अध्यक्ष एवं पूर्व भारतीय वन सेवा अधिकारी रमन श्रीवास्तव द्वारा दी गई। प्रतियोगिता का सयोंजन राजेंद्र खले एवं रमेश साहू द्वारा किया गया। इस अवसर पर शिरीष शर्मा, अथर्व कँसाना, व दृश्यम कोरी, को प्रथम पुरस्कार प्रखर, बिट्ठू, प्रचीति कुलकर्णी को द्वितीय एवं आदित्य सिंह, आराध्या व आरोही मोदी तृतीय पुरस्कार दिया गया। प्रतियोगिता के दौरान स्पर्श श्रीवास्तव सक्षम, वैदेही सिंह, सांगवी सिंह सहित 16 बच्चों ने योग आसनों का प्रदर्शन सफलता पूर्वक किया । इस अवसर पर कॉलोनी सचिव पुगलेंदी एवं श्रीमती सुनीता जैन के साथ इंडस गार्डन सोसायटी के सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित थे। विजयी प्रतिभागियों के द्वारा योगा के कठिन आसन जैसे शीर्षासन, हलासन, पूर्ण उष्ट्रासन, मत्सयासन का प्रदर्शन कर सभी को चमत्कृत कर दिया।

# बिना तैयारी मवेशियों को पकड़ने की मुहिम

## गौशालाओं का इंतजाम नहीं, कांजी हाउस भी भर गए

भोपाल, यशभारत। राजधानी की सड़कों पर डेरा जमाए आवारा मवेशियों की पिछले करीब दो वर्ष से बंद धरपकड़ शनिवार से एक बार फिर शुरू हो गई। गोवर्धन परियोजना शाखा की आधा दर्जन टीमों ने 80 फीट रोड, पुष्पा नगर, प्रभात चौराहा, पिपलानी चौराहा, आनंद नगर, पटेल नगर सहित अन्य इलाकों से अब तक करीब 300 से अधिक आवारा मवेशियों को पकड़कर कांजी हाउस पहुंचाया। लेकिन बड़ा सवाल है कि भले ही शहर के 300 मवेशियों को रखने की जुगाड़ कलेक्टर आशीष सिंह ने ग्रामीण गौशालाओं में करवा दी है। लेकिन शहर में घूम रहे 25 हजार से अधिक मवेशियों को रखने के लिए ना तो पर्याप्त गौशालाएं हैं और ना ही इनके लिए कांजी हाउस में जगह बची। मवेशियों की वजह से हो रहे हादसेबता दें कि सड़कों पर डेरा जमाए आवारा मवेशी रोजाना हादसों का सबब बन रहे हैं। पिछले आठ महीने में एक दर्जन से ज्यादा लोगों की



मवेशियों से टकराने से हुए हादसों में मौत हो चुकी है और 50 से अधिक लोग घायल हो चुके हैं। इधर, इस मामले में शुक्रवार को महापौर मालती राय की अध्यक्षता एवं जिला कलेक्टर आशीष सिंह व निगम आयुक्त फ्रैंक नोबल ए की मौजूदी में बैठक हुई। जिसमें आवारा मवेशियों को पकड़ने की मुहिम चलाने का फैसला लिया गया था। जिसके बाद विगत शनिवार से मवेशियों को पकड़ने की मुहिम शुरू कर दी गई। सूत्रों के मुताबिक बैठक में गोवर्धन परियोजना से जुड़े अधिकारियों ने बताया था कि कांजी हाउस भर गए हैं। जिन गौशालाओं को गोवंश भेजा जाता था, उन्होंने लेना बंद कर दिया है।

**अपराध** | 17 लाख रूपये हड़पने वाला रोमानिया नागरिक गिरफ्तार

# कूड़े में फेंकी पर्ची में मिला था फिरोज का नंबर,उससे ही पकड़ में आया

भोपाल,यशभारत। बैंक आफ बड़ौदा के एटीएम के क्लान तैयार करीब खाता धारकों के 17 लाख रुपये हड़पने रोमानिया नागरिक आयोनेल मियु तक पहुंचता साइबर पुलिस के लिए आसान नहीं था। घटना के सामने आने के बाद पुलिस करीब 20 दिन से ज्यादा समय दिल्ली में गुजारा। पुलिस ने डेढ़ सौ से ज्यादा सीसीटीवी खंगाल डाले थे, इसमें पुलिस को एक कार और आटो का नंबर मिल गया था, लेकिन इन लोगों को उनको जो बुकिंग करने वाला मोबाइल नंबर मिला वह बंद था। साइबर क्राइम पुलिस के पास इतना समय नहीं था कि वह आरोपितों के मोबाइल नंबर की डिटेल आने का इंतजार करते। पुलिस ने उन कार वालों से पूछताछ की, वे उन्हें होटल पर ले गए,जहां से



### डेढ़ लाख रुपये के लालच में फंसा फिरोज

फिरोज को रोमानिया नागरिक आयोनेल मियु ने फिरोज को अपने साथ मिलाने के लिए उसे दो लाख रुपये महीने देने का झांसा देकर अपने साथ मिला लिया था। इस पर फिरोज तैयार हो गया था। उसके लिए शराब ,कोकिन , सिगरेट, शहर में होटल और कार की इंतजाम करना फिरोज का काम था। रोमानिया नागरिक फिरोज के अलावा किसी और से बात नहीं करता था। फिरोज को सब पता था कि इस तरह से रुपये कमाता था, उस पर आनलाइन धोखाधड़ी की वारदात करता हैं।

आरोपित को उन्होंने छोड़ा था। आरोपित फरार हो गए थे,लेकिन उस अपार्टमेंट के पास कूड़े में पुलिस को एक खाली पर्ची मिली। उस पर आरोपित फिरोज का नंबर मिल गया और वह उसके घर तक पहुंच गई।
पुलिस उपायुक्त श्रुतकीर्ति सोमवंशी ने बताया कि रोमानिया नागरिक आयोनेल मियु और ठाणे महाराष्ट्र का रहने वाला फिरोज अहमद को जब अखबारों में भोपाल के बैंक आफ बडौदा के बारे में पता चला तो वह अलर्ट हो गए थे, वह रोजाना इसके लिए अखबार के साथ टीवी देखने लग गए थे। जैसे कुछ दिन साइबर टीम के दिल्ली पहुंचने की जानकारी उनको हुई तो वह फरार हो गए थे, लेकिन साइबर की टीम के एसआइ रमन शर्मा, प्रधान आरक्षक आदिल्य साहू, तेज राम सेन, प्रताप और सुनील सिलावट की मेहनत थी कि कूड़े ढ़ेर से मिली एक पर्ची से वह आरोपित फिरोज और उसकी पत्नी तक पहुंच गए और मुख्य आरोपित को गिरफ्तार कर पाने में कामयाब हुए। इधर, दोनों आरोपितों को गुरुवार को जेल भेज दिया गया।

### स्वजनों एक बार आए फिर नहीं आए मिलने

आरोपित आयोनेल मियु के मुंबई में साइबर धोखाधड़ी में गिरफ्तार होने के बाद उसके स्वजन रोमानिया से सिर्फ 2017 में मिलने आए थे, उसके बाद वह दोबारा कभी उससे मिलने नहीं आए, हालांकि वह अपने स्वजनों से लगातार संपर्क में रहता था। वह रोमानिया में अपने दोस्तों से इस प्रकार की जानकारी जुटाता था।

## मामूली विवाद के बाद सब्जी वाले की चाकू मारकर हत्या

भोपाल, ईएमएस। कोलार थाना क्षेत्र के कजली खेड़ा में गुरुवार देर रात दो युवकों में मामूली कहासुनी के बाद हिंसक टकराव हो गया। देखते ही देखते एक युवक ने दूसरे युवक पर चाकू से दनादन वार कर दिए। गंभीर रूप से जख्मी युवक को अस्पताल पहुंचाया गया था। वहां डाक्टर ने चेक करने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। देर रात अस्पताल की सूचना पर पहुंची पुलिस ने हत्या का प्रकरण दर्ज कर आरोपित की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार 25 साल का वीरम सिंह कजली खेड़ा, कोलार में रहता था और सब्जी का ठेला लगाता था। इसी



इलाके में चाऊमीन का ठेला लगाने वाले एक युवक से गुरुवार देर रात उसकी कहासुनी हो गई। कहासुनी बढ़ने पर बात हाथापाई पर आ गई। इसी दौरान आरोपित युवक ने चाकू निकाला और वीरम सिंह पर हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल वीरम को अस्पताल ले जाया गया वहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।अस्पताल की सूचना पर कोलार थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मर्ग कायम कर आरोपित की तलाश शुरु कर दी है। देर रात में आरोपित की पहचान कर उसे गिरफ्तार करने के लिए पुलिस की टीमें रवाना हो गई थी। राजधानी में पिछले चार दिन में तीन हत्याओं के मामले सामने आ चुके हैं।

# मैं किसी की राय को गंभीरता से नहीं लेता : जसप्रीत बूमराह

## मुझे बहुत कुछ योगदान देना है



**नई दिल्ली, एजेंसी।** पिछले कुछ सालों से टीम इंडिया एक के बाद एक कई खिलाड़ियों की चोट की वजह से परेशान है लेकिन भारतीय क्रिकेट फैंस को किसी भी खिलाड़ी की कमी उतनी नहीं खली जितनी कि जसप्रीत बुमराह की. ये तेज गेंदबाज पिछले साल ना एशिया कप में खेला और ना ही टी20 विश्व कप में. ऑस्ट्रेलिया में हुई विश्व कप सेमीफाइनल में जब इंग्लैंड के बल्लेबाज भारतीय गेंदबाजों के छक्के छुड़ा रहे थे तो भारतीय कोच राहुल द्रविड़ और कप्तान रोहित शर्मा को भी बुमराह की ही याद आई.

अब जबकि बुमराह आयरलैंड के खिलाफ दौरे के साथ टीम इंडिया में लौट आए हैं तो उन पर फैंस की उम्मीदों का दबाव है. कोच द्रविड़ और कप्तान रोहित, दोनों ही चाहेंगे कि बुमराह आागमी एशिया कप और वनडे विश्व कप टूर्नामेंट में भारतीय पेस अटैक की अगुवाई करें लेकिन इस दिग्गज गेंदबाज ने अपने ऊपर जरूरत से ज्यादा दबाव लेने से साफ इंकार कर दिया है.

गुरुवार को आयरलैंड के खिलाफ पहले टी20 मैच की प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान जब उनसे रोहित और द्रविड़ की उम्मीदों के बारे में पूछा गया तो बुमराह ने कहा, ÷मैं उनकी राय का सम्मान करता हूं लेकिन चाहे वे अच्छी हों या बुरी, मैं किसी की राय को गंभीरता से नहीं लेता. मैं खुद पर दबाव नहीं डालना चाहता. मैं अपने ऊपर अनावश्यक उम्मीदें नहीं रखता.

बुमराह ने कहा, ÷मैं लंबे समय के बाद वापस आ रहा हूं. मैं अभी इसका आनंद लेना चाहता हूं. मैं यह नहीं सोच रहा हूं कि मुझे बहुत योगदान देना है या मैं सब कुछ बदल दूंगा. मैं कम से कम उम्मीदों के साथ आ रहा हूं. अगर दूसरे उम्मीद कर रहे हैं, तो यह उनकी समस्या है, मेरी नहीं.

दाएं हाथ के तेज गेंदबाज पिछले काफी समय से पीठ में तनाव फ्रैक्चर से उबरने के बाद बेंगलुरु में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में काम कर रहे हैं. अपनी रीहैब प्रक्रिया के बारे में उन्होंने कहा, सब अच्छा है, वापस आकर बहुत खुश हैं. एनसीए में बहुत मेहनत की है. यह एक लंबा सफर रहा है लेकिन हां, वापस आकर बहुत खुश हूं. मैं इसका इंतजार कर रहा हूं.

उन्होंने कहा, कुछ चीजें हैं जो आपके हाथ में नहीं हैं. आपको अपने शरीर का सम्मान करना होगा और उसे ठीक होने के लिए समय देना होगा. लेकिन इससे होता ये है कि वह आपको भूखा रखता है. मुझे समझ में आया कि जैसे ही मेरा शरीर ठीक हुआ, मैं थोड़ा अतिरिक्त कर सकता हूं. मैं पीछे नहीं हट रहा हूं. मैंने कई नेट सेशन किए हैं. सिर्फ एनसीए में ही नहीं, यहां तक कि गुजरात टीम के साथ घर पर भी. मुझ पर कोई रोक नहीं है. शरीर अच्छा महसूस करता है.

चोटिल होकर क्रिकेट से मैदान से दूर जाने से पहले बुमराह तीनों फॉर्मेट में भारत के सबसे अहम खिलाड़ी थे लेकिन सर्जरी के बाद जब वो टीम इंडिया से बाहर थे तो लोगों ने उनके करियर के खत्म होने की भविष्यवाणी करना शुरू कर दिया था.

उन्होंने कहा, जब आपकी चोट गंभीर हो जाती है तो यह कई बार निराशाजनक हो जाता है. लेकिन खुद की काबिलियत पर शक करने और यह सोचने के बजाय कि मैं वापस नहीं आ पाऊंगा.. मैंने अपने शरीर का सम्मान किया. मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं खत्म हो गया हूं या ये मेरे बुरे दिन हैं. मैं हमेशा सकारात्मक रहता था और उस खेल में वापस आने की प्रक्रिया पर ध्यान केंद्रित करता था जो मुझे पसंद है.

बुमराह ने बुधवार को टीम इंडिया के साथ अपने पहले अभ्यास सेशन में हिस्सा लिया. जब उनसे अभ्यास सेशन के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, ÷मैं पहले जैसा खिलाड़ी ही हूं. मुझे हमेशा अपनी क्षमता पर बहुत भरोसा रहा है. हां, जाहिर तौर पर मैं समझता हूं कि मैं लंबे ब्रेक के बाद वापस आ रहा हूं. तो जाहिर तौर पर आप अपने तरीके से काम करना चाहते हैं. आप अपने खेल का आनंद लेना चाहते हैं. आप धीरे-धीरे हर मैच के साथ बेहतर होते जाना चाहते हैं।

## एक बार फिर चोटिल हुए पृथ्वी शॉ; महीनों तक रहेंगे क्रिकेट के मैदान से दूर

गुरुवार को रांची के जेएससीए इंटरनेशनल स्टेडियम कॉम्प्लेक्स में न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टी20 मैच से पहले अभ्यास सत्र के दौरान भारत के पृथ्वी शॉ. (एएनआई फोटो) लंदन7 काउंटी क्रिकेट में धमाकेदार शतक जड़ रहे भारतीय सलामी बल्लेबाज पृथ्वी शॉ को बड़ा झटका लगा है. इंग्लैंड में रॉयल लंदन वन डे कप में नॉर्थम्पटनशायर के लिए खेल रहे शॉ को डरहम के खिलाफ मैच के दौरान घुटने में चोट लग गई थी. जांच के बाद पता चला कि चोट काफी गंभीर है, जिसके बाद शॉ के एसीएल इंजरी की वजह से अगले कुछ महीनों के लिए क्रिकेट मैदान से दूर रहने की संभावना है.

# एशिया कप से पहले श्रीलंका में भिड़ेंगे अफगानिस्तान और पाकिस्तान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** एशिया कप की शुरुआत होने में अब सिर्फ दो सप्ताह का ही समय बचा है. इससे पहले एशिया की दो टीमें पाकिस्तान और अफगानिस्तान (क्र्य 1ह्य ,स्र्त्र) की टीमें श्रीलंका में 3 मैचों की वनडे सीरीज खेलेंगी. एशिया कप के 9 मैचों की मेजबानी भी श्रीलंका को करनी है. ऐसे में यह वनडे सीरीज दोनों टीमों के लिए खास है. वैसे भी जब ये दोनों टीमें मैदान पर एक-दूसरे के खिलाफ उतरती हैं तो इनकी आपसी प्रतिद्वंद्विता भी चरम पर रहती है. दोनों टीमों के खिलाड़ी कई मौकों पर एक-दूसरे से भिड़ भी चुके हैं. ऐसे में इस सीरीज में भी रोमांच का तड़का लगना तय है. भारतीय फैन्स भी इस सीरीज को देखने के लिए बेताब हैं



भारतीय क्रिकेट फैन्स के अच्छी खबर है कि इन मैचों का प्रसारण भारत में होगा. यूरोस्पोर्ट इंडिया ने गुरुवार को तीन मैचों की इस वनडे सीरीज के लिए विशेष प्रसारण अधिकार हासिल कर लिए हैं. यह वनडे सीरीज 22 अगस्त से खेली जाएगी. यह तीनों एकदिवसीय मैच श्रीलंका के हंबनटोटा और कोलंबो में खेले जाएंगे। दोनों टीमों के लिए यह सीरीज एशिया कप और वर्ल्ड कप-2023 से पहले तैयारी करने का बेहतरीन मौका होगा. एशिया कप 30 अगस्त से शुरू होने वाला है, जबकि विश्व कप 5 अक्टूबर से शुरू होगा।

रुचिर जैन ने कहा, 'क्रिकेट भारत में एक धर्म है, और यूरोस्पोर्ट को प्रशंसकों के लिए अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच एकदिवसीय सीरीज का लाइव कवरेज लाने पर गर्व है. हमें विश्वास है यह हमारे लिए सिर्फ शुरुआत है और हम भविष्य में भारतीय फैंस की स्क्रीन पर और अधिक हाई-प्रोफाइल गेम लाना जारी रखेंगे।

राशिद खान, नूर अहमद, मोहम्मद नबी और मुजीब-उर-रहमान जैसे खिलाड़ियों के साथ अफगानिस्तान की टीम पाकिस्तान के खिलाफ जीत की उम्मीद कर रही है. दूसरी ओर बाबर आजम की अगुवाई वाली पाकिस्तान की टीम इमामुल-हक, मोहम्मद रिजवान और शाहीन अफरीदी जैसे प्रमुख खिलाड़ियों के साथ मैदान में होगी।

## टीम इंडिया की फ्लाइट में बैठकर रिंकू सिंह ने की मम्मी से बात, बोले- सपना सच हुआ

**नई दिल्ली,ईएमएस।** टीम इंडिया इन दिनों जसप्रीत बुमराह के नेतृत्व में आयरलैंड दौरे पर है. यहां भारतीय टीम के साथ युवा ब्रिगेड को उतारा गया है, जबकि सीनियर खिलाड़ी एशिया कप के लिए खुद को तैयार कर रहे हैं. ये खिलाड़ी 23 अगस्त से बेंगलुरु में खास ट्रेनिंग कैम्प में हिस्सा लेंगे, जबकि चोट से वापसी कर रहे बुमराह युवा ब्रिगेड का नेतृत्व कर आयरलैंड के खिलाफ ताल ठोकेंगे. इस दौरे पर आईपीएल में सनसनी बने रिंकू सिंह को भी मौका मिला है और उन्होंने एक इंटरव्यू में बताया कि फ्लाइट के बिजनेस क्लास में टीम इंडिया की जर्सी पहनकर वह कितना गर्व महसूस कर रहे हैं और साथ ही उन्होंने फ्लाइट में बैठकर अपनी मां से बात की, जिसमें उन्होंने अपना और अपनी मां का सपना सच होने की बात कही. भारत डबलिन में तीन मैचों की टी20 सीरीज का शुक्रवार से आगाज करेगा. इस मैच से पहले बीसीसीआई ने अपने ट्विटर हैंडल पर रिंकू सिंह और युवा विकेटकीपर बल्लेबाज जितेश शर्मा के साथ एक खास गुफ्तगू का वीडियो शेयर किया है. इस वीडियो में रिंकू सिंह ने बताया कि भारत के लिए खेलना उनका और उनकी मां का खास सपना था, जो अब पूरा होता दिख रहा है. इस वीडियो में रिंकू सिंह को एयरपोर्ट पर एंट्री करने से लेकर फ्लाइट में बैठने और फिर आयरलैंड के ठंडे मौसम में अभ्यास करते हुए दिखाया गया है. जितेश इस इंटरव्यू में एंकर की भूमिका निभा रहे हैं, जो रिंकू सिंह को आईपीएल के सुपरस्टार कहकर संबोधित करते हैं. इसके बाद वह उनसे पूछते हैं कि बिजनेस क्लास में बैठकर और टीम इंडिया की जर्सी पहनकर विदेश में पहुंचकर कैसा लग रहा है. इसके जवाब में रिंकू सिंह ने कहा, 'काफी बेहतर महसूस कर रहा हूं और हर खिलाड़ी का सपना होता है कि वह भारत के लिए खेले. मैंने फ्लाइट में बैठकर मम्मी को कॉल की. क्योंकि उनका भी सपना था कि मेरा बेटा इंडिया के लिए खेले और आज उनका और मेरा सपना पूरा हो रहा है।



# बांग्लादेश में 9 साल बाद कदम रखेगी न्यूजीलैंड वर्ल्ड कप से पहले खेलेगी वनडे सीरीज

**नई दिल्ली, एजेंसी।** न्यूजीलैंड टीम दस साल में पहली बार बांग्लादेश का दौरा करके सितंबर और नवंबर में वनडे और टेस्ट सीरीज खेलेगी. तीन मैचों की वनडे सीरीज भारत में होने वाले वर्ल्ड कप की तैयारी के लिये अहम होगी. वर्ल्ड कप 2023 की शुरूआत पिछली उपविजेता न्यूजीलैंड और चैम्पियन इंग्लैंड के बीच अहमदाबाद में होने वाले मैच के जरिये होगी. बांग्लादेश को वर्ल्ड कप के अपने पहले मैच में सात अक्टूबर को धर्मशाला में अफगानिस्तान से खेलना है.

### मीरपुर में होगा दौरे का आगाज

बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार दौरे का आगाज 21 सितंबर को होगा. तीनों मैच 21, 23 और 26 सितंबर को मीरपुर के शेर ए बांग्ला राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में खेले जायेंगे. टेस्ट सीरीज नवंबर के आखिर में वर्ल्ड कप के बाद शुरू होगी. पहला मैच 28 नवंबर से दो दिसंबर तक और दूसरा छह से 10 दिसंबर तक खेला जायेगा जिनके मेजबान शहर का ऐलान बाद में किया जायेगा.

### 9 साल बाद न्यूज़ीलैंड करेगी दौरा

न्यूजीलैंड ने पिछली बार पूर्ण सीरीज के लिये 2013 में बांग्लादेश का दौरा किया था. दो मैचों की टेस्ट सीरीज ड्रॉ रही थी जबकि तीन मैचों की वनडे सीरीज बांग्लादेश ने 3-0 से जीती थी. न्यूजीलैंड टीम ने एक टी20 मैच जीता था.

## रंग संसार

# अक्षय ने नहीं लिया एक भी रुपया ! एक्टर ने थामा हाथ तभी बनी फिल्म

**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार इन दिनों अपनी फिल्म 'ओएमजी 2' की जबरदस्त सफलता से बेहद खुश हैं और टीम का हर सदस्य इसकी अपार सफलता से खुशी से झूम उठा है. 'ओएमजी 2' रिलीज के सातवें दिन भी फिल्म बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन कर रही है. अक्षय कुमार की फिल्म 'ओह माय गॉड 2' को दर्शकों की अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है. फिल्म में अक्षय के साथ पंकज त्रिपाठी और यामी गौतम ने भी मुख्य भूमिका निभाई है. फिल्म को सेंसर बोर्ड ने सर्टिफिकेट दिया था. निर्माता और फिल्म के कलाकार सेंसर बोर्ड के इस फैसले से निराश हैं क्योंकि फिल्म किशोरों को ध्यान में रखकर बनाई गई है. ऐसे में अब निर्देशक अमित राय ने फिल्म को निर्माता न मिलने पर भी बात कही है



और साथ ही फिल्म के बजट और अक्षय कुमार के फीस पर भी अपनी राय दी है, जो हैरान करने वाली है.

### अक्षय कुमार ने नहीं वसूली फीस

ह्रस्न्न 2 के प्रोड्यूसर ने हाल ही में मीडिया में आकर ये साफ कर दिया है कि अक्षय कुमार ने इस फिल्म के लिए एक पैसा नहीं लिया है. दरअसल मीडिया में खबरें चल रही थीं खिलाड़ी कुमार ने इस फिल्म के लिए 35 करोड़ तक चार्ज किया है. हालांकि अब ल्म प्रोड्यूसर का कहना है कि ओएमजी 2 के बजट की रिपोर्ट्स कुछ ज्यादा ही बढ़ा-चढ़ाकर बताई गई हैं. इसी के साथ अक्षय कुमार ने एक भी रुपया बतौर फीस नहीं लिया है. बल्कि वह तो ऐसी साहसी, फाइनेंशियल और क्रिएटिव रिस्क वाली फिल्म में हमारे साथ चले हैं. निर्माता ने आगे कहा कि हम अक्षय कुमार के साथ एक स्टूडियो के रूप में 'ओमजी 1', 'स्पेशल 26' और 'टॉयलेट एक प्रेम कथा' के बाद से लंबा इतिहास और समझ साझा करते हैं. सनी देओल और अमीषा पटेल स्टारर फिल्म गदर 2 के साथ टकराने के बावजूद ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर लगभग 80 करोड़ की कमाई करने में सफल रही है.

### अक्षय कुमार ने समझी फिल्म की अहमियत

अक्षय के बारे में अमित ने कहा, स्क्रिप्ट को लेकर उनके काफी खुले विचार थे, उनका कहना था कि यह फिल्म बननी चाहिएऔर उनकी वजह से हम आज भी मजबूती से खड़े हैं, वरना ह्रस्न्न 2 कभी नहीं बन पाती. मैं अश्विन वर्दे, विपुल शाह और राजेश बह्ल से मिला था. उनके जरिए मैं अक्षय से मिला। मैं उन तक नहीं पहुंचता, तो यह स्क्रिप्ट किसी कोने में पड़ी होती.

### 150 करोड़ नहीं इतने में बनी है फिल्म

ओह माई गॉड 2 से जुड़े एक सोर्स ने पिंकविला को फिल्म के बजट के बारे में बताया है. सोर्स का कहना है कि फिल्म 50 करोड़ से भी कम में बनी है. यहां भी एक गलत रिर्पोट में दावा किया गया है जिसमें माना जा रहा है था कि फिल्म करीब 150 करोड़ तक में बनी है. प्रोडक्शन का खर्चा 50 करोड़ के अंदर आया है. सोर्स ने साल 2012 में रिलीज हुई ओएमजी 1 के बजट का भी खुलासा कर दिया है. सोर्स के मुताबिक ओएमजी 1 महज 25 करोड़ में तैयार हुई थी.

### करण जौहर ने रिजेक्ट की थी फिल्म

अमित राय ने खुलासा किया कि फिल्म ओह एम 2 को करण जौहर, आशुतोष गोवारिकर और कई निर्माताओं ने इस स्टोरी पर काम करने से इनकार कर दिया था. बस अक्षय कुमार ही थे, जो उनके बचाव में आए और इस प्रोजेक्ट में काम करके इस फिल्म को बचाया. अमित राय ने कहा, 'क्या वे जानते भी हैं कि स्क्रिप्ट को रिजेक्ट करने के बाद हम पर क्या गुजरती है. इन तमाम निर्माताओं के रिजेक्शन के बाद अक्षय इस प्रोजेक्ट में कूदे और इसे सफल बनाया.

## आकांक्षा पुरी और जैद हदीद एक दूसरे को देखकर फिर हुए बेकाबू, सामने आया किसिंग वीडियो

**मुंबई, ईएमएस।** बिग बॉस ओटीटी 2 में नजर आ चुके जेद हदीद और आकांक्षा पुरी एक बार फिर अपनी हरकतों की वजह से सुर्खियों में हैं. दरसल दोनों का एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है जिसमें दोनों को किस करते हुए देखा गया. जेड और आकांक्षा के अलावा इस इवेंट में नवाजुद्दीन सिद्दीकी की वाइफ आलिया कश्यप, पलक पुरस्वामी, आशिका भाटिया और अन्य बिग बॉस ओटीटी 2 कंटेस्टेंट भी नजर आए. हालांकि एक बार फिर पब्लिकली जद हदीद और अकांक्षा पुरी एक-दूसरे को किस करते नजर आए. ये वीडियो सामने आते ही दोनों ट्रोलर्स के निशाने पर आ गए हैं. विरल भयानी ने एक वीडियो शेयर किया था जिसमें बिग बॉस ओटीटी 2 के कई पुराने कंटेस्टेंट एक साथ नजर आए. इस वीडियो में जेड और आकांक्षा फिर से एक दूसरे को किस कर बैठे. जब पैपराजी के सामने जेड ने आकांक्षा को किस किया तो इसके तुरंत बाद आकांक्षा ने भी पैपराजी के सामने जेड को उसके गालों पर किस कर लिया. दोनों ने बीबी हाउस में रहने के दौरान लिप लॉक कर खूब सुर्खियां बटोरी थीं. दोनों को किस करता देख पैपराजी इस पर रिएक्ट करते हुए कहते हैं कि एक बार ओर और इस बात को सुनकर दोनों हंसने लगते हैं. अकांक्षा पुरी और जद हदीद को फिर एक-दूसरे के इतना करीब देख सोशल मीडिया यूजर्स उन्हें काफी ट्रोल कर रहे हैं।









## बॉलीवुड ने चांद पर बनाए हैं ये मशहूर गानें हर दिल में बसते हैं ये खूबसूरत नगमें

**मुंबई, एजेंसी।** फिल्म इंडस्ट्री में चांद पर फिल्में और गाने बनना सभी के लिए नार्मल है. पुराने ज़माने के फिल्मों से लेकर आज कल बन रही फिल्मों के गानों में चांद वर्ड का यूज राइटर जरूर करते हैं. चांद पर बना हुआ गाना फिल्म में मस्ती, प्यार, रोमांस की खूबसूरती को बयां करता है. वहीं सभी फिल्म इंडस्ट्री में हो या ना हो लेकिन हिंदी फिल्म इंडस्ट्री के फिल्मों में रोमांटिक सीन या प्यार का एहसास करवाने के लिए चांद का जिक्र होता ही है. आज आपको बॉलीवुड के कुछ ऐसे सॉन्ग्स के बारे में बताएंगे जिसमें चांद वाली लाइन्स को यूज करके राइटर ने एक्टर-एक्ट्रेस के दिल में छिपे फीलिंग्स के बारे में बताते हैं.

**1. 'चौदहवीं का चांद हो या आफताब हो'**

साल 1960 में आई फिल्म 'चौदहवीं का चांद' में प्यार का इजहार करने के लिए गाना 'चौदहवीं का चांद हो या आफताब हो' आज भी फेमस है.

**2. 'ये चांद सा रोशन चेहरा, जुलफो का रंग सुनहरा'**

अपने प्रेमिका की तारीफ करने के लिए फिल्म 'कश्मीर की कली' का गाना 'ये चांद सा रौशन चेहरा, झुल्फों का रंग सुनहरा' काफी है. ये फिल्म साल 1964 में पर्दे पर रिलीज हुई थी.

**3.'चांद मेरा दिल चांदनी हो तुम'**

'चांद मेरा दिल चांदनी हो तुम' ये गाना 1977 की आई फिल्म हम किसी से कम नहीं है कि है और इसे लोग आज भी अपने प्यार के लिए गाते है. आपने बी कभी ना कभी तो गुनगुनाया होगा.

**4. 'चलो दिलदार चलो चांद के पार चलो'**

फिल्म 'पाकिजा' का गाना 'चलो दिलदार चलो चांद के पार चलो' भी काफी रोमांटिक सॉन्ग है. ये सॉन्ग साल 1972 में आई फिल्म के साथ रिलीज हुई थी।

# 'शाहरुख खान के करियर की सबसे महंगी फिल्म है जवान

**मुंबई, ईएमएस।** सुपरस्टार शाहरुख खान की मोस्ट अवेटेड फिल्म 'जवान' को लेकर काफी तगड़ा क्रेज है. एक्टर के फैंस फिल्म रिलीज होने के काफी ज्यादा वेट कर रहे हैं तो वहीं, फिल्म से जुड़ा कोई भी अपडेट उनकी एक्साइटमेंट को और बढ़ा देता है. कुछ ही टाइम पहले फिल्म के प्रीव्यू और जिंदा बंदा गाने के बाद जवान का दूसरा गाना चलेया हाल ही में रिलीज किया गया था, जिसमें एक्ट्रेस के साथ किंग खान को लंबे समय के बाद रोमांस करते हुए देखा गया है. इसी बीच फिल्म को लेकर एक बड़ा अपडेट सामने आया है कि ये शाहरुख खान की अब तक की सबसे महंगी फिल्म है. रेड चिलीज द्वारा निर्मित जवान का प्रीव्यू दर्शकों को काफी पसंद आया. इसके अलावा फिल्म के दो गाने चलेया और जिंदा बंदा को भी एसआरके के फैंस ने काफी पसंद किया है.



किंग खान की अपकमिंग फिल्म 'जवान' को लेकर बज बना हुआ है. इस फिल्म को साउथ के जाने माने डायरेक्टर एटली कुमार डायरेक्शन दे रहे हैं. वहीं फिल्म को लेकर बताया जा रहा है कि 'जवान' शाहरुख के करियर की सबसे महंगी फिल्म है. मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार इस फिल्म को 300 करोड़ रुपये की लागत से बनाने की बात कही जा रही है. इसी के साथ ये भी बताया जा रहा है कि टीम एक्शन सीन्स के लिए विशाल सेट बनाने में आगे बढ़ी और ग्रीनस्क्रीन प्रारूप को छोड़ दिया और एक्शन ब्लॉक्स को बड़े सेटअप में शूट किया गया है.

फिल्म की दोबारा हुई शूटिंग

फिल्म मेकर्स ने फील को और भी ज्यादा शानदार बनाने के लिए ग्रीनस्क्रीन के बजाये बड़े सेट पर शूटिंग करना सही समझा. जिसके कारण फिल्म को रिलीज होने में टाइम लगा और इसी दोबारा शूटिंग हुई. आपको बता दें कि किंग खान के 'जवान' से साउथ सुपरस्टार नयनतारा बॉलीवुड में डेब्यू करने जा रही हैं. वहीं फिल्म में साउथ के फेमस एक्टर विजय सेतुपति खलनायक की भूमिका में नजर आने वाले हैं. इसी के साथ फिल्म को लेकर फैंस एक्ससाइटेड है और रिलीज होने का इन्तजार कर रहे हैं. फिल्म का संगीत जाने-माने संगीतकार अनिरुद्ध रविचंदर ने दिया है. यह फिल्म सात सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी. 7 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज़ हो जवान बता दें कि 'जवान' 07 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज़ होने वाली है. अब तक फिल्म का प्रीव्यू आया है. साथ ही 'ज़िंदा बंदा' और 'चलेया' नाम के दो गाने रिलीज़ किए गए. बताया जा रहा है कि अगस्त के अंत तक फिल्म का ट्रेलर रिलीज़ किया जाएगा. रिपोर्ट्स की मानें तो फिल्म में शाहरुख का डबल रोल होगा।

## » न्यूज गैलरी

### घर में घुसकर मारपीट व तोड़फोड़ पर मामला दर्ज

**कटनी, यशभारत।** माधवनगर थाना अंतर्गत ग्राम पडुआ में एक वृद्ध के घर में घुसकर मारपीट कर तोड़फोड़ करने का मामला सामने आया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम पडुआ निवासी 62 वर्षीय रामनरेश तिवारी पिता स्व रामदास के यहां सुशील यादव, आशाबाई यादव, दिलीप यादव, विनय यादव, रामलली यादव, रूपल यादव, अमासिया बाई यादव, कमला यादव ने मकान के अंदर घुसकर तोड़फोड़ की। ईंटों की चोरी की व वृद्ध के साथ मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी है। पुलिस ने सभी के विरूद्ध संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है।

### शासकीय कार्य में बाधा डालने की शिकायत पहुंची पुलिस में

कटनी, यशभारत। कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत चौपाटी में अतिक्रमण हटाने पहुंची नगर निगम की टीम के कार्य में बाधा डालने का मामला प्रकाश में आया है। चौपाटी परिसर में अतिक्रमण प्रभारी उपयंत्री नगर निगम शैलेन्द्र प्यासी निवासी दुबे कॉलोनी के साथ में महेश तिवारी चाउमीन पिज्जा बर्गर सेंटर के संचालक द्वारा अतिक्रमण किया गया था। कार्रवाई के दौरान महेश तिवारी ने विरोध करते हुए शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाई। उपयंत्री की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने एफआइआर दर्ज की है।

# बाहरी विधायक लेंगे फीडबैक

## 15 दिनों के भीतर हाईकमान को देनी होंगी रिपोर्ट, इस आधार पर बनेगी दावेदारों की सूची

**कटनी, यशभारत। 18 साल तक प्रदेश में राज करने वाली भारतीय जनता पार्टी एक बार फिर सरकार बनाने के लिए पूरी तरह जुट गई है। दिल्ली से लगातार मिल रहे हैं दिशा निर्देश के बाद मध्यप्रदेश में भाजपा की गतिविधियां और बढ़ गई है। चुनाव को देखते हुए भाजपा हाईकमान ने प्रदेश के सभी भाजपा कार्यालयों के लिए समय निर्धारित कर दिया है। इसी प्रकार हर विधानसभा सीट का फीडबैक लेने के लिए पार्टी हाईकमान ने बाहर के विधायकों को, जहां विधानसभा चुनाव नहीं हो रहे हैंए प्रदेश में बुलाया है। पार्टी के ये बाहरी विधायक विधानसभा क्षेत्र में जाकर पार्टी के बारे में वस्तुस्थिति जानेंगे और और अपनी रिपोर्ट तैयार करके हाईकमान को सौंपेंगे। कल यानी 20 तारीख को ग्वालियर में भाजपा की प्रदेश कार्य समिति की बैठक आयोजित होने वाली है, जिसमें जिसमें अमित शाह सहित कई दिग्गज नेता भाग लेंगे। बैठक में इस चुनाव के साथ अगले साल 2024 लोकसभा चुनाव की भी नीति-रणनीति तय होगी।**

जानकारी के मुताबिक केंद्रीय चुनाव समिति ने टिकट बंटवारे को लेकर नया फार्मूला तैयार किया है। मध्यप्रदेश की सभी विधानसभा सीटों की वस्तुस्थिति का पता लगाने के लिए चुनाव समिति दूसरे प्रदेश के पार्टी विधायकों को विधानसभा क्षेत्र में भेज रही है। यह विधायक विधानसभा क्षेत्र में जाकर पार्टी की तैयारी और चुनाव से जुड़ी अन्य जानकारी हासिल करेंगे और 15 दिनों में वे अपनी रिपोर्ट तैयार करके पार्टी हाई कमान को सौंपेंगे। इसी प्रत्याशियों का चयन होगा। कटनी में बड़वारा की टिकट तो घोषित हो चुकी है। बाकी बची 3 विधानसभा सीटों के लिए रिपोर्ट तैयार करने कौन-कौन से विधायक आएंगे इसकी जानकारी एक-दो दिन में प्राप्त हो जाएगी। प्रदेश के विधानसभा चुनावों को देखते हुए प्रदेश कार्यसमिति की विस्तारित बैठक भी कल 20 अगस्त को ग्वालियर में आयोजित की जा रही है। इसमें प्रदेश चुनाव की कमान संभालने वाले केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के शामिल होने से बैठक ज्यादा महत्वपूर्ण हो गई है। बैठक में एक हजार से अधिक पार्टी कार्यकर्ताओं के शामिल होने की संभावना है। अधिकृत रूप से मिली जानकारी के अनुसार यह बैठक इसलिए महत्वपूर्ण मानी जा रही है क्योंकि इस बैठक में प्रत्याशियों के टिकट वितरण से लेकर चुनाव प्रचार से जुड़े विभिन्न कार्यों के अंतिम फैसला होंगे। कटनी के चार में से तीन विधानसभा क्षेत्रों में भाजपा के विधायक हैं। यहां पार्टी ने दो स्तरों पर सर्वे कराए हैं। इसके अलावा केंद्र के स्तर पर हर विधानसभा क्षेत्र का अलग फीडबैक लिया जा रहा है। जिले में जातिगत समीकरण भी टिकट का प्रमुख आधार बनेगा। वर्तमान में दो विधायक ब्राम्हण यानी सामान्य वर्ग से तथा एक पिछड़े वर्ग का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। मुड़वारा में सन्दीप जायसवाल का सबसे मजबूत पक्ष यही है कि वे ओबीसी समुदाय से आते हैं। जब-जब राजनैतिक तौर पर उन्हें संकट का सामना करना पड़ा तब तब ओबीसी का टैग उनके बचाव में ढाल बनकर सामने आ गया। अलावा इसके पिछले दो चुनाव से जनता उन्हें चुन रही है। ऐसे में उनकी टिकट कटवाने में सक्रिय विरोधी पस्त पड़ रहे हैं। ले देकर सन्दीप के सियासी विरोधियों को मेयर चुनाव में उनकी भूमिका ही याद आती है जिसे वे ऊपर के नेताओं को बता रहे है। उन पर आरोप यह भी लगाये जाते हैं कि शहर में वे भाजपा का समानांतर संगठन चलाते हैं। बहोरीबंद में इस बार हवा का रुख बदलने के बावजूद प्रणय पांडे की टिकट पर कोई संकट आएगा, इसकी संभावना बहुत कम है। विजयराघवगढ़ में तो पार्टी के पास संजय पाठक के कद का कोई दूसरा नेता ही नही है। जानकारों का कहना है कि बाहर से जो विधायक कटनी की सीटों पर सर्वे करने आ रहे हैं उनके करने लायक ज्यादा कुछ यहां है नही। इसलिए पार्टी की इस प्रोसेस को भी महज खानापूर्ति ही समझा जा रहा है।

### चुनाव को देखते हुए भाजपा कार्यालयों का समय निर्धारित

वैसे तो पार्टी कार्यालय गतिविधियां पूरे साल भर चलती हैं, लेकिन चुनाव आते ही पार्टी कार्यालय की गतिविधियां और व्यस्तता काफी बढ़ जाती है। पार्टी कार्यालयों पर चुनावी प्रोग्राम, बैठके, रणनीतियां, प्रेस कॉन्फ्रेंस आदि कार्यक्रम संचालित होते है। विधानसभा चुनाव को देखते हुए पार्टी हाई कमान ने पार्टी कार्यालय का समय निर्धारित कर दिया है। पिछले दिनों दिल्ली में केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में फैसला लिया गया है कि प्रदेश के सभी शहरों के पार्टी कार्यालय सुबह 8 बजे से रात 9 बजे तक चालू रखे।



# जबलपुर-सिंगरौली इंटरसिटी एक्सप्रेस की समय सारणी में रेल्वे ने किया संशोधन

### 22 अगस्त से प्रभावशील होगा नया समय

**कटनी, यशभारत।** रेल्वे ने जबलपुर से सिंगरोली के बीच कटनी साउथ स्टेशन होकर चलने वाली गाड़ी संख्या 11651 जबलपुर-सिंगरौली इंटरसिटी एक्सप्रेस की समय सारणी संशोधन करने का निर्णय लिया है। यह ट्रेन प्रारंभिक स्टेशन जबलपुर से पूर्व समय 15:15 बजे की बजाय संशोधित समय 16:25 बजे प्रस्थान करेगी और गंतव्य स्टेशन सिंगरौली पहुंचने का पूर्व समय 22:50 बजे की बजाय अब रात्रि 23:40 बजे पहुंचेगी। संशोधित समय सारणी आगामी 22 अगस्त से प्रभावशील होगी। रेल्वे के मुताबिक गाड़ी संख्या 11651 जबलपुर-सिंगरौली इंटरसिटी एक्सप्रेस प्रतिदिन जबलपुर स्टेशन से प्रस्थान समय 16:25 बजे, देवरी 16:42 बजे, सिहोरा रोड 17:00 बजे, कटनी साउथ 17:40 बजे, न्यू कटनी जंक्शन 18:15 बजे, खन्ना बंजारी 18:57 बजे, महरोई 19:13 बजे, विजयसोता 19:33 बजे, ब्यौहारी 20:05 बजे, जोबा 20:40 बजे, मड़वासग्राम 20:51 बजे, निवास रोड 21:08 बजे, सरईग्राम 21: 40 बजे, गजरा बहरा 21:55 बजे, बरगवां 22:38 बजे और 23:40 बजे सिंगरौली पहुंचेगी। रेलवे ने यह भी बताया कि गाड़ी संख्या 11652 सिंगरौली-जबलपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस की समय सारणी में किसी प्रकार का परिवर्तन नहीं किया गया है।

# जंगल में मवेशी चराने गए युवक पर बाघ का हमला



### हालत गंभीर, बरही अस्पताल में भर्ती, बरही वनपरिक्षेत्र की निपनिया बीट में घटना

कटनी/बरही, यशभारत। बरही वन परिक्षेत्र के ग्राम पंचायत हर्रावाह में जंगल में मवेशी चराने गए युवक पर बाघ ने हमला कर दिया। बाघ के हमले में घायल चरवाहे को उपचार के लिए बरही अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उसका उपचार जारी है। रेंजर डॉ. गौरव सक्सेना ने बताया कि घटना वनपरिक्षेत्र के निपनिया बीट की है। करेला निवासी गनपत केवट जंगल में मवेशी चराने गया था। इसी दौरान बाघ ने उस पर हमला कर दिया। घायल का उपचार बरही अस्तपाल में कराया जा रहा है। सहायता राशि उपलब्ध कराई गई है। घटना के बाद वनविभाग की टीम मौके पर पहुंची और गांव में मुनादी कराते हुए ग्रामीणों को जंगल में न जाने की सलाह दी। वन अधिकारियों ने बताया कि यहां बाघ का विचरण होता है। पूर्व में भी ग्रामीणों को जंगल में न जाने की समझाइश दी गई है।

### बहोरीबंद में लकड़बग्घा ने किया मवेशी का शिकार

उधर वन परिक्षेत्र बहोरीबंद अंतर्गत कुआं वीट के जंगल में लकड़बग्घा ने मवेशी का शिकार किया। शिकार बाघ द्वारा किए जाने की अपवाह फैलने के बाद ग्रामीण दहशत में आ गएए जिसके बाद वनविभाग की टीम मौके पर पहुंची। वन परिक्षेत्र अधिकारी ब्रज मीणा ने वन अमले के साथ जंगल में जाकर छानबीन की। उन्होंने बताया कि बाघ की अफवाह फैलाई गई वह गलत है। जंगल में जो पदचिन्ह मिले हैं वो लकड़बग्घा के हैं, उसने एक मवेशी का शिकार किया है। पशुपालक को राहत राशि देने के लिए प्रकरण बनाया गया है।

# नशे में धुत होकर स्कूल पहुंचा शिक्षक

### सोशल मीडिया में वायरल हुआ वीडियो, बड़वारा में शासकीय प्राथमिक शाला बरगवां नंबर दो का मामला

**कटनी, यशभारत।** बड़वारा जन शिक्षा केंद्र आने वाले बरगवां नंबर दो ग्राम स्थित शासकीय प्राथमिक शाला में पदस्थ शिक्षक के शराब पीकर स्कूल पहुंचने का मामला सामने आया है। शुक्रवार को सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद बड़ी संख्या में अभिभावक स्कूल पहुंचे और शिक्षक पर कार्रवाई की मांग की। दूसरी ओर वायरल वीडियो के बाद संकुल प्राचार्य ने शिक्षक को नोटिस जारी कर जबाव मांगा है। ग्रामीणों ने बताया की शिक्षक रणधीर सिंह आए दिन शराब की नशे में मदहोश रहते हैं और नशे की हालत पर ही विद्यालय पहुंच जाते हैं। शिक्षक के इस हरकत को लेकर कई बार मौखिक रूप से संबंधित अधिकारियों को अवगत कराया गया है लेकिन किसी ने ध्यान नहीं दिया। छात्र-छात्राओं पर बुरा असर पड़ रहा है।



**इनका कहना है**

शराब के नशे में शिक्षक रणधीर सिंह का वीडियो आया है। संबंधित शिक्षक को नोटिस देकर जवाब मांगा गया है। वरिष्ठ अधिकारियों को प्रकरण से अवगत कराया गया है। नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

**-जुगल किशोर चौरसिया,** संकुल प्राचार्य

### घायल मजदूर की उपचार के दौरान मौत

**कटनी, यशभारत।** छत्तीसगढ़ के भाटापारा से अगरतला मजदूरी करने जा रहे 16 मजदूरों के जत्थे में से एक मजदूर मुड़वारा स्टेशन के पास गिर कर घायल हो गया। उसे गंभीर हालक में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक छत्तीसगढ़ के भाटापारा से 16 मजदूरों का जत्था मजदूरी करने के लिए अगरतला जा रहे था। सभी नर्मदा एक्सप्रेस से कटनी पहुंचे। मुड़वारा स्टेशन के पास 30 वर्षीय परदेशी पिता खिलावन निषाद गिरने के कारण घायल हो गया। बताया जाता है कि परदेशी ने कुछ साथियों के साथ नशा भी किया था। नशे की हालत में गिरने के कारण वह गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गया। साथियों ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने शवपरीक्षण कराते हुए मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है।



# विधानसभा चुनाव को लेकर दिया प्रशिक्षण

### एसपी के मार्गदर्शन में पुलिस कंट्रोल रूम में हुआ आयोजन

**कटनी, यशभारत।** विधानसभा चुनाव को लेकर पुलिस-प्रशासन की तैयारी तेज हो गई है। जैसे-जैसे चुनाव का समय नजदीक आता जा रहा है प्रशासनिक कार्रवाई भी तेजी से कराई जा रही है। जिला प्रशासन सहित पुलिस प्रशासन द्वारा भी चुनाव को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए अभी से तैयारियां शुरू कर दी गई है। इसी क्रम में शुक्रवार को पुलिस कंट्रोल रूम में पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन के मार्गदर्शन में आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी के लिए जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में पुलिस विभाग के अलावा वन विभाग, आबकारी विभाग, परिवहन विभाग, जिला कोषालय, होमगार्ड, सीजीएसटी विभाग व चुनाव प्रशिक्षकों की मौजूदगी रही। पुलिस अधीक्षक अभिजीत रंजन की मौजूदगी में आयोजित हुई इस बैठक में चुनाव प्रशिक्षकों द्वारा विभागीय अधिकारियों को महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई।

### बाइक, नगदी व दस्तावेज चोरी

**कटनी, यशभारत।** माधवनगर थाना अंतर्गत पंजीयक कार्यालय के पास से एक व्यक्ति की बाइक, नगद रुपए व दस्तावेज चोरी हुए हैं। जानकारी के अनुसार रामवक्स पाल निवासी ग्राम पडौर पोस्ट नौगवा थाना मानपुर जिला उमरिया की बदमाश ने मोटरसायकल, दो हजार रुपए नगद, पेन कार्ड, आधार कार्ड, ड्राइविंग लायसेंस व रजिस्ट्रेशन कार्ड आदि पार कर दिए हैं। शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

15 अगस्त 2023 की हार्दिक शुभकामनाएं
बर्फ ही बर्फ
पुरवार बर्फ फैक्ट्री
कटायेघाट रोड व जालपा मंदिर के पास पुरानी बस्ती घंटाघर रोड कटनी, मो. 9998049364

JOB OPENING
Requirement/Skills
1. Tally Prime, 2. Micro-soft Excel, Word
3. Communication Skills
The Dinesh Goods Transport Co.
Address- Near Ajay Dall Mill Madhavnagar gate Acc Post Katni M.P.
Contact- Ayush Jain
Mo. 8989020207

**सोशल मीडिया में वीडियो वायरल होने के बाद एसपी ने दिए निर्देश** | **बिजली के पोल लगाने को लेकर बहोरीबंद क्षेत्र के ग्राम कौड़िया में हुआ था विवाद**

# महिला के बाल पकड़कर घसीटने के मामले की जांच करेंगे एसडीओपी



**कटनी, यशभारत। बहोरीबंद थाना क्षेत्र के ग्राम कौड़िया में एक महिला के साथ महिला थाना प्रभारी व स्टाफ के द्वारा की गई बर्बरता पूर्ण कार्रवाई का एक वीडियो सोशल मीडिया में खूब वायरल हो रहा है। यह वीडियो लगभग एक माह पूर्व का है। उस समय पुलिस ने ग्रामीणों का मोबाइल जप्त कर लिया था। जब मोबाइल वापस दिया तो तत्कालीन थाना प्रभारी अर्चना सिंह जाट सहित अन्य स्टॉफ की करतूत सामने आई है।**

सूत्रों से प्राप्त जानकारी के मुताबिक बहोरीबंद थाना क्षेत्र के ग्राम कौड़िया में विद्युत विभाग द्वारा बिजली का पोल लगाने का कार्य कराया जा रहा था। जिसमें एक परिवार के द्वारा पोल लगाने का विरोध किया जा रहा था। पोल लगाने के दौरान उपजे विवाद पर जब बहोरीबंद व स्लीमनाबाद की पुलिस घटना स्थल पर पहुंची तो विरोध कर रहे परिवार की एक महिला जेसीबी मशीन के सामने जमीन पर लेट गई और परिवार के पुरुष लकड़ी के बाड़े को पकड़ कर रास्ता रोकने का प्रयास करने लगे। पहले तो पुलिस महिला को समझाते हुए हटाने का प्रयास करती रही लेकिन जब महिला वहां से हटने को तैयार नहीं हुई तो बहोरीबंद महिला थाना प्रभारी अर्चना जाट एवं उनके सहयोगी स्टाफ ने महिला के बाल पड़कर घसीटते हुए उसे किनारे कर दिया। जानकारी के अनुसार 6 जुलाई को ग्राम कौड़िया क्षेत्र में पॉवर ट्रांसमिशन पैकेज-1 के तहत पारेषण लाइन का कार्य किया जा रहा था। इसी कार्य के लिए विद्युत कंपनी के कर्मचारी यहां उपकरण लेकर पहुंचे थे।

**इनका कहना है**

वीडियो मेरे संज्ञान में आया है। इस मामले की जांच स्लीमनाबाद एसडीओपी को सौंपी गई है। जांच रिपोर्ट के अनुसार आगे की कार्रवाई होगी।

**-अभिजीत कुमार रंजन,** पुलिस अधीक्षक।

डॉ. निशा श्रीवास्तव
एमबीबीएस एमएस ईएंटी गोल्ड मेडलिस्ट
Fellowship in Skull Base Surgery; Ex surgeon AIIMS; Specialist in microscopic Ear, Head-Neck and Endoscopic sinus surgery (FESS) नाक कान एवं गला विशेषज्ञ
नाक, कान, मुंह एवं गले व थायरॉइड का ऑपरेशन व इलाज
इन लक्षण दिखने पर करें संपर्क:- कान से पानी बहना, नाक ब्लॉक, एलर्जी, आवाज में बदलाव, सिर में दर्द खर्राटे, टांसिल कानों में सीटी बजना, चक्कर आना गले व चेहरे में किसी प्रकार की गठान, थायराइड की जांच व उपचार हकलाना तुतलाना मुंह में छाले, मुंह कम खुलना व अन्य गले का कैंसर नाक कान व गले से संबंधित बीमारी के स्पेशलिष्ट प्रख्यात डॉक्टर
पता:- आरोग्य डेंटल के सामने वाणी डायग्नोस्टिक के बाजू में ओम शांति हॉस्पिटल के पास आदर्श कॉलोनी कटनी (म.प्र.) Mob:9431777003,
Email:-nisha.drent@gmail.com



विश्वसनीय आईसीयू केयर, जनरल दूरबीन एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जन, फिजीशियन, प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ
उपलब्ध विभाग-कान, नाक एवं गला, दंत रोग, एडवांस एंडोस्कोपी यूनिट, मेडिसिन, स्त्री रोग, शिशु रोग, निश्चेतना, अस्थि रोग, पैथोलॉजी, रेडियोलॉजी
संपर्क करें- श्री हॉस्पिटल एम.एम. चौबे वार्ड बरगवां, कटनी
9425325316, 9425151543, 9752414316




अटल बिहारी वाजपेयी हिंदी विश्वविद्यालय, भोपाल अध्ययन केन्द्र क्रं.570
मध्यप्रदेश शासन के अधिनियम क्रं. 34 वर्ष 2011 के द्वारा स्थापित एवं संचालित राज्य विश्वविद्यालय
बुनियादी चिकित्सा पाठ्यक्रम में प्रवेश प्रारंभ
मान्यता प्राप्त अध्ययन केन्द
योग्यता / Eligibility — 12th पास/स्नातक/स्नातकोत्तर
समय अवधि / Duration — 1 Year
आयु / Age — बंधन नहीं
छात्र अध्ययन के दौरान चिकित्सालय से प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते है।
आधारभूत स्वास्थ्य संरक्षण Diploma/ PG Diploma in Basic Health Care
प्राथमिक चिकित्सा उपचार Diploma in First Aid Treatment
हॉस्पिटल मैनेजमेंट Diploma in Hospital Management
प्राकृतिक फार्मा डिप्लोमा Diploma in Natural Pharma
योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा Diploma in Hospital Management
उत्तीर्ण अभ्यार्थी अपना स्वयं का प्राथमिक चिकित्सा उपचार केन्द्र खोल सकते हैं।
नोट :- 1. समस्त प्रक्रिया आवेदन, प्रवेश शुल्क आदि एमपी ऑनलाईन के माध्यम से होगी।
सिटी अपेक्स कम्प्यूटर राजीवगांधी वार्ड सत्यनारायण मंदिर के सामने, कटनी मो. योगेश पाण्डे 9424961722, कपिल द्विवेदी 9827076651

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा मां रेवा पब्लिकेशन एण्ड प्रिंटर्स जबलपुर से मुद्रित एवं प्लाट नं.1 योजना क्रं.6 नगर सुधार न्यास कॉलोनी, महाराणा प्रताप वार्ड, कटनी से प्रकाशित। स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी*, सम्पादक अम्बरीश तिवारी, सलाहकार संपादक श्याम कटारे।
फोन (07622) 230033, डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/22-24 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)